

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक

# समाज जागरण


TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 01 अंकः 299 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शनिवार 06 अगस्त 2022 vatankiawaz@gmail.com पेजः 12 मूल्य 05 रुपया


## गौ तस्करी के मामले में सीबीआई ने अनुब्रत मंडल को फिर तलब किया

सुमित पलित, कोलकाता



केंद्रीय खुफिया एजेंसी ने सोमवार को सुबह 11 बजे निजाम पैलेस में पेश होने के लिए बीरभूम तृणमूल के जिलाध्यक्ष को नोटिस भेजा. हाल ही में कुछ अहम जानकारियां सामने आई हैं. सीबीआई अनुब्रत के परिजनों से पूछताछ कर रही है।उस जानकारी के साथ अनुब्रत मंडल के बयान को सीबीआई सूत्रों के अनुसार देखा जाएगा। और इसलिए केष्ट लगातार नौ बार सीबीआई का सामना करने जा रहे हैं। इसके अलावा, इस दिन, उच्च न्यायालय ने अनुब्रत मंडल के अंगरक्षक सयागल हुसैन को चौदह दिन की जेल हिरासत में रखने का आदेश दिया। उल्लेखनीय है कि सहगल हुसैन को गिरफ्तार किया गया था सीबीआई गत नौ जून।

## मंहगाई और बेरोजगारी के खिलाफ कांग्रेस कार्यकताओं का नवादा में धरना प्रदर्शन

समाज जागरण नवादा(आर्यन मोहन)



नवादा :शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमिटी नवादा के जिलाध्यक्ष सतीश कुमार उर्फ मंटन सिंह की अध्यक्षता में नवादा जिला कांग्रेस कार्यालय के पास महंगाई और बेरोजगारी के विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया। धरना को सम्बोधित करने के पहले जिलाध्यक्ष राष्ट्रकवि डॉ रामधारी सिंह दिनकर के काव्य अंश दुहराया
सदियों की ठंडी-बुझी राख सुगबुगा उठी।

**मिट्टी सोने का ताज पहन इठलाती है।।**
**दो राह, समय के रथ का घर्घर-नाद सुनो।**
**सिंहासन खाली करो कि जनता आती है।।**

आगे इन्होंने कहा कि देश में आवश्यक वस्तुओं और खाद्य सामग्रियों पर अतिरिक्त जीएसटी का बोझ लगा देना कही से न्याय संगत का कार्य नहीं है। पहले से बेरोजगारी की मार झेल रहा देश का युवा सेना बहाली की योजना अग्निपथ का बहिष्कार कर चुका है। बावजूद इसके सरकार ने उनके प्रति गम्भीर रवैया अख्तियार नहीं किया। साथ ही एल पी जी. पेट्रोल. एवं डीजल के बेतहाशा मूल्य बढ़ाएं जा रहे हैं। इसीलिए केन्द्र की निरंकुश सरकार के खिलाफ कांग्रेस पार्टी धरना प्रदर्शन किया है।
विरोध प्रदर्शन में पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष उपेंद्र प्रसाद सिंह, अरुण कुमार, अखिलेश सिंह, अभिमन्यु सिंह. अक्षय कुमार उर्फ गोरेलाल सिंह, अंजनी कुमार, डॉ संजय कुमार, सैयद समीर कवि, डॉ शैलेन्द्र कुमाआर, डॉ आर बी शर्मा, एजाज अली मुन्ना, मुकेशकुमार. श्याम सुंदर कुशवाहा, मनीष कुमार, रंजीत कुमार, विनोद कुमार , पवन कुमार, निलेश कुमार, मो रूबनुउदीन आदि उपस्थित थे।

## स्पोर्ट इंडिया इंटरनेशनल एक्सपो 2022 प्रभावी ढंग से जारी हुआ

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी

नोएडा भारत का सबसे बड़ा स्पोर्ट्स और बिजनेस फिटनेस एक प्रभावी ढंग से चल रहा है इसका उद्घाटन गुरुवार को उत्तर प्रदेश के खेल एवं युवा मंत्री गिरीश रहा है। प्रदर्शनी का आयोजन भारतीय सेवा और सपोर्ट इंडिया फाउंडेशन ने किया है। फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया स्पोर्ट्स गुड्स एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल मंत्रालय और मंत्रालय भारत सरकार द्वारा समर्थित है यह दुनिया भर में 100 से अधिक दर्शकों




चंद यादव ने किया यह 3 दिन का आयोजन है जिसमें देशभर के डीलर और वितरक भाग ले रहे हैं। और नवीनतम खेल सामग्री तथा प्रद्योगिकियो का प्रदर्शन किया गया है। प्रदर्शनी के दूसरे दिन चौथे मिस्टर और मिस इंडिया सीनियर नेशनल बॉडी बिल्डिंग मेन एंड विमेन फिजिक्स स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन इंडियन एक्सीबिशन सर्विसेस इंडियन एमेच्योर बॉडीबिल्डिंग फेडरेशन इंडिया और इंडिया द्वारा किया जा रहा है इसके अलावा खेल से संबंधित व्यवसाय करने वाली बिरादरी के बीच खेल के सामान खेलों को बढ़ावा देने के लिए सपोर्ट इंडिया फैशन शो 2022 का आयोजन किया जा और प्रतिदिन 5000 से अधिक आगंतुकों की पेशकश कर रहा है सुदेश कुमार निदेशक इंडियन सर्विस के अनुसार सपोर्ट इंडिया 2022 के दो मुख्य उद्देश्य हैं एक है खेल प्रबंधन में व्यवसाई कौशलों का विकास और दूसरा हमारे देश में खेल क्षेत्र के महत्व के बारे में सामाजिक जागरूकता स्पोर्ट्स इंडिया एक्सपो 2022 लोगों संस्थानों विधायकों और कई ब्रांड के लिए एक मंच है जो खेल व्यवसाय और खेल या फिर विधियों में शामिल है यह उन कई कदमों में से एक है जो जल्द ही भारत को विश्व खेलों में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी बना देगा।

## माध्यमिक शाला उमरिया के 4 शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो



बालाघाट।04 अगस्त को समाचार पत्र में समाचार प्रकाशित किया गया है कि परसवाड़ा विकासखंड के अंतर्गत हाई स्कूल टंटाटोला के अधीन आने वाले शासकीय माध्यमिक शाला उमरिया के शिक्षक समय पर शाला नहीं आते हैं।कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने इस पर संज्ञान लेते हुए विलंब से शाला आने वाले शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं ।इसी परिप्रेक्ष्य में सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग श्री राहुल नायक ने शासकीय माध्यमिक शाला उमरिया के प्रभारी प्रधान पाठक श्री एस के चौरसिया, उच्च श्रेणी शिक्षक श्री डी.के. भारद्वाज, श्री डी. के. बड़ीचार एवं माध्यमिक शिक्षक महेश कुमार लिल्हारे को कारण बताओ नोटिस जारी किया है कि उनके द्वारा अपने कर्त्तव्यों के प्रति बरती जा रही लापरवाही के लिए क्यों न उनकी एक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोक दी जाए। इन शिक्षकों को 03 दिन के भीतर प्राचार्य हाईस्कूल टंटाटोला के माध्यम से अपना जवाब प्रस्तुत करने कहा गया है । समय सीमा में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर इन शिक्षकों के विरुद्ध एक पक्षीय अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# 5 अगस्त को हुआ राम मंदिर का शिलान्यास, कांग्रेस ने आज ही के दिन पहने काले कपड़ेः अमित शाह

**गृह मंत्री ने कहा कि आज तो कोई ईडी से पूछताछ नहीं हुई, तो काले कपड़ों में कांग्रेस ने क्यों विरोध किया? कांग्रेस को जिम्मेदार दल के नाते कानून का सहयोग करना चाहिए. तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है कांग्रेस.**





गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस के प्रदर्शन पर निशाना साधा है. उन्होंने कहा कांग्रेस ने आज जानबूझकर काले कपड़े पहनकर विरोध किया. पार्टी संकेत देना चाहती है कि वो इस खास मौके का विरोध करते हैं. गृह मंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है.

### आज ही क्यों पहने काले कपड़े?

गृह मंत्री ने कहा कि आज तो कोई ईडी से पूछताछ नहीं हुई, तो काले कपड़ों में कांग्रेस ने क्यों विरोध किया? कांग्रेस को जिम्मेदार दल के नाते कानून का सहयोग करना चाहिए. तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है कांग्रेस. 5 अगस्त को जिस राम मंदिर का शिलान्यास हुआ है, उसी दिन पिछले 2 साल से कांग्रेस प्रोटेस्ट कर रही है. काले कपड़े पहनकर प्रोटेस्ट करने का क्या मतलब है.

### 'कानून का करें सहयोग'

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस को जिम्मेदार होना चाहिए और कानून के अनुसार सहयोग करना चाहिए. शिकायत के आधार पर मामला चल रहा है. जहां तक ईडी का सवाल है, देश में कानून-व्यवस्था की स्थिति का सभी को सम्मान करना चाहिए.

### सीएम योगी ने भी कांग्रेस को घेरा

साथ ही यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी कहा कि अब तक कांग्रेस सामान्य पोशाक में विरोध प्रदर्शन कर रही थी लेकिन आज उन्होंने काले कपड़े पहनकर विरोध किया. यह सभी राम भक्तों का अपमान है. उन्होंने इस दिन को इसलिए चुना क्योंकि आज अयोध्या दिवस है जो राम जन्मभूमि के निर्माण की शुरूआत का प्रतीक है.

### कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

आपको बता दें कि महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ कांग्रेस ने आज देशव्यापी विरोध प्रदर्शन किया. दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता जमा हुए. राहुल गांधी ने प्रेसवार्ता कर भाजपा सरकार पर हमला बोला. साथ ही सोनिया गांधी ने संसद परिसर में प्रदर्शन किया. इस दौरान सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई. राहुल गांधी ने संसद से बाहर कांग्रेस नेताओं के साथ प्रदर्शन किया. राष्ट्रपति भवन जाते समय उन्हें हिरासत में ले लिया गया. हालांकि शाम होते-होते पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रिहा कर दिया.

## दीक्षांत समारोह में बने कई रिकॉर्ड

# दीक्षांत समारोह में पहुंचने वाले तीसरे राज्यपाल बने फागू चौहान

मधेपुरा/डॉ.रूद्र किंकर वर्मा ।

भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा के चतुर्थ दीक्षांत समारोह (तीन अगस्त) के संपन्न होने के साथ ही इतिहास के पन्नों में कई नए रिकार्ड दर्ज हो गया है।

### दीक्षांत समारोह में पहुंचने वाले तीसरे राज्यपाल बने फागू चौहान

जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि वर्तमान राज्यपाल सह कुलाधिपति फागू चौहान दीक्षांत समारोह में पहुंचने वाले तीसरे राज्यपाल बन गए हैं। इनके पूर्व राज्यपाल के रूप में प्रथम दीक्षांत समारोह-2016 में रामनाथ कोविंद और द्वितीय दीक्षांत समारोह-2018 में लालजी टंडन उपस्थित हुए थे।

### मात्र तीन कुलपति करा सके हैं दीक्षांत समारोह

उन्होंने बताया कि 25 वें कुलपति डॉ. आर. के. पी. रमण तीसरे वैसे कुलपति बन गए हैं, जिनके कार्यकाल में दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ। प्रथम दीक्षांत समारोह 22 वें कुलपति डॉ. विनोद कुमार और द्वितीय एवं तृतीय दीक्षांत समारोह 23 वें कुलपति डॉ. अवध किशोर राय के कार्यकाल में आयोजित किया गया था।

### डॉ. राय ने कराया दो दीक्षांत समारोह

उन्होंने बताया कि फागू चौहान एकमात्र ऐसे राज्यपाल हैं, जिनके कार्यकाल में बीएनएमयू में दो दीक्षांत समारोह (2019 एवं 2022) आयोजित किया जा चुका है। डॉ. राय एकमात्र कुलपति हैं, जिन्हें महज एक वर्ष के अंतराल पर दो दीक्षांत समारोह आयोजित करने का श्रेय जाता है। अभी डॉ. रमण के पास डॉ. राय के इस रिकॉर्ड की बराबरी करने के लिए एक वर्ष का समय है। आश है कि डॉ. रमण ऐसा कर पाने में सफल होंगे और वे अपने शेष बचे कार्यकाल में कम-से-कम एक और दीक्षांत समारोह आयोजित कर पाने में सफल होंगे।

### पहले दीक्षांत समारोह में आए थे रामनाथ कोविंद

उन्होंने बताया कि बीएन मंडल विश्वविद्यालय की स्थापना 10 जनवरी 1992 को हुई। इसका पहला दीक्षांत कार्यक्रम तत्कालीन कुलपति डॉ. विनोद कुमार के नेतृत्व में 29 जून, 2016 को हुआ था। इसमें तत्कालीन राज्यपाल सह कुलाधिपति रामनाथ कोविंद, जो बाद में देश के राष्ट्रपति भी बने और तत्कालीन शिक्षा मंत्री अशोक कुमार चौधरी शामिल हुए थे। यह समारोह विश्वविद्यालय प्रेक्षागृह में हुआ था।

### द्वितीय दीक्षांत समारोह में पहली बार दिया गया था स्वर्ण पदक

उन्होंने बताया कि द्वितीय दीक्षांत समारोह तत्कालीन कुलपति डा. अवध किशोर
राय के कार्यकाल में 23 दिसंबर, 2018 को हुआ था। दीक्षांत स्थल पर पहली बार आयोजित हुए इस कार्यक्रम में तत्कालीन राज्यपाल सह कुलाधिपति लालजी टंडन और शिक्षा मंत्री कृष्णनंदन प्रसाद वर्मा शामिल हुए थे। इस दौरान पहली बार



विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) दिया गया था।

### तृतीय दीक्षांत समारोह में हुआ था दीक्षांत भाषण

उन्होंने बताया कि तृतीय दीक्षांत समारोह 17 दिसंबर, 2019 को हुआ था। इस अवसर पर अपरिहार्य कारणों से राज्यपाल सह
कुलाधिपति फागू चौहान की अनुपस्थित में कुलपति डॉ. अवध किशोर राय ने उनका प्रिंटेड अध्यक्षीय भाषण प्रस्तुत किया था। समारोह में कोसी के प्रमंडलीय आयुक्त सेंथिल के. कुमार ने भाग लिया था। साथ ही नार्थ ईस्टर्न हिल यूनिवर्सिटी, शिलांग के पूर्व कुलपति डॉ. ए. एन. राय ने दीक्षांत भाषण दिया था। यह भी अपने आपमें एक रिकॉर्ड है।

### अभूतपूर्व रहा चतुर्थ दीक्षांत समारोह

उन्होंने बताया कि चतुर्थ दीक्षांत समारोह कई मायनों में अभूतपूर्व रहा। इसमें पहली बार राज्यपाल सह कुलाधिपति फागू चौहान के अलावा बिहार सरकार के दो-दो मंत्री कार्यक्रम में शामिल हुए, जो आपने आपमें एक रिकॉर्ड है। इस आयोजन में विश्वविद्यालय के तीन पूर्व कुलपति एवं तीन पूर्व कुलसचिव का शामिल होना भी एक रिकॉर्ड है। साथ ही दो कुलपति, दो विधान पार्षद् एवं एक विधायक की उपस्थिति भी पहली बार हुई है।

### कोरोनाकाल के बाद सबसे बड़ा आयोजन

उन्होंने बताया कि चतुर्थ दीक्षांत समारोह कोरोनाकाल के बाद यह बिहार के किसी भी विश्वविद्यालय का सबसे बड़ा आयोजन रहा। वैसे विश्वविद्यालय के कुलपति इस आयोजन के लिए वर्ष 2020 में अपने योगदान के समय से ही प्रयासरत थे। लेकिन वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण के खतरों के कारण 2020 एवं 2021 में दीक्षांत समारोह आयोजित नहीं किया जा सका।

### महज पैंतालीस दिनों हुई आयोजन की सभी तैयारियां

उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय को 18 जून, 2022 को चतुर्थ दीक्षांत समारोह की तिथि निर्धारण संबंधी पत्र प्राप्त हुआ था। इसके बाद कुलपति के नेतृत्व में पूरी टीम ने पैंतालीस दिनों तक अथक परिश्रम करके इस आयोजन को सफल बनाया। इतने कम समय में ऐसा वृहत आयोजन करना भी अपने आपमें अभूतपूर्व घटना है।




### प्रतिभागियों की दृष्टि से अब तक का सबसे बड़ा समारोह

उन्होंने बताया कि चतुर्थ दीक्षांत समारोह प्रतिभागियों की दृष्टि से अब तक का सबसे बड़ा समारोह रहा। इसमें कुल 574 विद्यार्थियों ने भाग लिया है, जिनमें 289 छात्राएं एवं 285 छात्र हैं। कुल 97 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि मिलेगी, इनमें 44 छात्राएं और 53 छात्र हैं। इसके पूर्व
तृतीय दीक्षांत समारोह में 21 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक, 40 को पी. एच. डी और 234 को स्नातकोत्तर की उपाधि वितरित की
गई थी। द्वितीय दीक्षांत समारोह में 39 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और पीएचडी एवं स्नातकोत्तर को मिलाकर कुल 500 अभ्यर्थियों को उपाधि एवं प्रमाण पत्र वितरित किया गया था।

## संक्षिप्त न्यूज

### डकैती/स्नैचिंग के मामले में तीन नेपाली लड़कें गिरफ्तारी

(हरेश उपाध्याय) दिल्लीः-दक्षिण पश्चिम जिले के एंटी-स्नैचिंग सेल के अलर्ट स्टाफ ने नेपाल के रहने वाले तीन हताश लुटेरों सह स्नैचरों को




गिरफ्तार करके एक सराहनीय कार्य किया है।आशीष @ गोलू पुत्र महबूब खान आयु- 22 वर्ष, दीपक @ नोनी पुत्र संजू आयु -25 वर्ष और संजय @ संजू थापा पुत्र राजू थापा आयु-20 वर्ष। इन्होंने एक पारिवारिक समारोह का जश्न मनाकर घर जा रहे राहगीर को लूट लिया। इनके कब्जे से एक मोबाइल फोन, एक सोने की चेन और वारदात में प्रयुक्त एक स्कूटी बरामद की गई है। इसके अलावा, उनकी गिरफ्तारी के साथ डकैती / स्नैचिंग के चार अन्य मामलों में भी लिप्त पाए गए हैं।शिकायतकर्ता लोकेश राठी पुत्र मेहर सिंह राठी निवासी 212ए, मुनिरका ग्राम, दिल्ली आयु-37 वर्ष। पीएस आरके पुरम में सूचना दी कि वह पीवीआर साकेत मॉल, दिल्ली में एक सुरक्षा अधिकारी के रूप में काम करता हैं। उसने दर्ज कराया कि रात को लगभग 1 बजे, एक पारिवारिक समारोह में भाग लेने के बाद वह ओला कैब में आया, जिसने उसे मुनिरका फ्लाईओवर के पास छोड़ दिया। . आगे वह पैदल ही अपने घर जा रहा था। जब वह मुनिरका फ्लाईओवर के नीचे पहुंचे तो इसी बीच दो स्कूटी पर चार लड़के आए और उनके साथ मारपीट करने की कोशिश की।उन्होंने एक मोबाइल फोन और उसके पर्स की नकदी जबरदस्ती लूट ली।1800/- और कुछ मूल दस्तावेज। इसके बाद सभी वहां से भाग जाते हैं। तदनुसार, प्राथमिकी संख्या 51/22 व/र 392/34 क्ढउ के माध्यम से ढर-फङ पुरम में मामला दर्ज किया गया था।अपराध की गंभीरता को देखते हुए एंटी स्नैचिंग सेल, स्पेशल स्टाफ, पीएस आर के पुरम स्टाफ और दक्षिण पश्चिम जिले के एएटीएस को विशेष रूप से इस मामले को सुलझाने का काम सौंपा गया था। एंटी स्नैचिंग की एक समर्पित टीम, जिसमें एसआई बच्चू सिंह, एएसआई अमित, एएसआई ब्रमा नंद, एचसी नंद किशोर, एचसी नरेंद्र, सीटी नितिन, सीटी नवीन और सीटी अजय शामिल थें, का नेतृत्व इंस्पेक्टर मुकेश कुमार आई / सी एंटी ने किया। स्नैचिंग सेल और एटीओ रामबीर पीएस आरके पुरम और एसीपी/ओपी का समग्र पर्यवेक्षण देवेंद्र कुमार सिंह दक्षिण पश्चिम ने किया। इसी क्रम में टीम ने तकनीकी निगरानी और स्थानीय खुफिया जानकारी की मदद से,जाल बिछा कर, आरोपियों की पहचान की और गिरफ्तार कर लिया गया।

### मंकीपॉक्स के बढ़ते हुए केस को देखते हुए दिल्ली सरकार हाई अलर्ट पर

(हरेश उपाध्याय) दिल्लीः- राजधानी दिल्ली में मंकीपॉक्स के तीन मामले की अब तक पुष्टि हो चुकी है। दिल्ली में मंकीपॉक्स की दस्तक के बाद दिल्ली सरकार हरकत में आ गई है। सरकारी के अलावा प्राइवेट अस्पतालों को भी बेड रिजर्व रखने का निर्देश दिया गया है ।दिल्ली सरकार के निर्देश पर पूर्वी दिल्ली के कैलाश दीपक अस्पताल ने




कंफर्म और संदिग्ध मंकीपॉक्स के पेशेंट के लिए 5-5 बेड के वार्ड तैयार किये गए हैं।कैलाश दीपक अस्पताल की वरिष्ठ माइक्रो बायोलॉजिस्ट डा. पूर्णिमा ने बताया कि कैलाश दीपक अस्पताल में सरकार के निर्देश पर मंकीपॉक्स के मरीजों के लिए विशेष इन्तजाम किये गए हैं।मंकिपॉक्स के कंफर्म और संदिग्ध मरीजों की जांच के अलावा इलाज के भी व्यवस्था दीपक कैलास अस्पताल में है। संदिग्ध मरीजों के लिए अस्पताल में आइसोलेशन एरिया बनाया गया है। यदि संदिग्ध मरीज जब अस्पताल के इमरजेंसी और ओपीडी में आते है तो उन्हें सबसे पहले आइसोलेशन एरिया में रखा जाएगा। उसके बाद सरकार के द्वारा दी गई गाईड लाइन के हिसाब से जांच और इलाज की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।डॉ. पूर्णिमा ने कहा कि मंकीपॉक्स को लेकर पैनिक होने की जरूरत नहीं है , इससे बचाव के लिए कोरोना के स्टैंडर्ड प्रोटोकॉल का पालन करना चाहिए। जिसमें मास्क लगाना,हाथ को सेनिटाइज करना शामिल है ।

### रामलीला महासंघ के प्रतिनिधिमंडल से मिलने के बाद उपराज्यपाल द्वारा रामलीलाओं कमेटियों को कई रियायतों का ऐलान

(हरेश उपाध्याय) दिल्लीः-ई पी टी प्लांट की शर्त रद्द, डी डी ए सिक्योरिटी शुल्क 66 रू से 15 रू वर्गमीटर, सिंगल विंडो सिस्टम का ऐलान। दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना से रामलीला महासंघ का एक प्रतिनिधिमण्डल महासंघ के प्रेसीडेंट अर्जुन कुमार, सांसद प्रवेश साहिब सिंह वर्मा, दिल्ली भाजपा के प्रेसिडेंट आदेश गुप्ता के नेतृत्व में मिला।महासंघ के प्रेजिडेंट अर्जुन कुमार के मुताबिक करीब पचास मिनट चली, इस मीटिंग में उपराज्यपाल के आदेश पर डी डी ए, एम सी डी, पी डब्लू डी, दिल्ली पुलिस आदि विभागो के आला अधिकारी भी इस मीटिंग में शामिल थें। महासंघ के पदाधिकारियों की समस्याए, मुश्किले, सुनने के उपरांत उपराज्यपाल ने दिल्ली में होने वाली 650 से अधिक रामलीला कमेटियों के लिए कई रियायते देने का ऐलान किया। अर्जुन कुमार के मुताबिक उपराज्यपाल ने हमारी प्रमुख मांग लीला ग्राउंड में मांग ई पी टी प्लांट नहीं लगाने के प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए ई पी टी प्लांट नहीं लगाने की छूट दी। साथ ही इस वर्ष डी डी ए द्वारा लगाई गए सिक्योरिटी शुल्क को 66 रू प्रति वर्ग मीटर से घटा कर सिर्फ 15 रू प्रति वर्ग मीटर करने का भी ऐलान किया, साथ ही सफाई शुल्क को घटा कर 2 रू 75 पैसे प्रति वर्ग मीटर कर दिया। इतना ही नही उपराज्यपाल ने ई टी पी प्लांट के लिए लीला कमेटी वालो को एकमुश्त 5 लाख रु की राशि जमा कराने के आदेश को भी रद्द करके लीला कमेटियों को बड़ी राहत दी। सांसद प्रवेश वर्मा के मुताबिक उपराज्यपाल ने मीटिंग में मौजूद सभी प्रमुख सरकारी विभागों के आला अधिकारियों को निर्देश दिया कि बिजली, पानी, ग्राउंड, सुरक्षा और लीला ग्राउंड में सम्पूर्ण सफाई व्यवस्था आदि के इंतजामों के लिए जल्दी ही सिंगल विंडो सिस्टम शुरू किया जाए। रामलीला महासंघ के इस प्रतिनिधि मण्डल में जनरल सेक्रेटरी सुभाष गोयल के अलावा कुल भूषण आहूजा, गुलशन विरमानी, महेंद्र नागपाल, धीरज गुप्ता, सहित कई लीला कमेटियों के आयोजक शामिल रहे।

## कुन्हैड़ा गांव के विद्यार्थियों ने निकाली हर घर तिरंगा यात्रा

(हरेशउपाध्याय)गाजियाबादःगाज़ियाबाद जिले के प्राथमिक विद्यालय कुन्हैड़ा द्वारा कुन्हैड़ा गांव में हर घर तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली का नेतृत्व इंचार्ज और प्रधानाचार्य अजय ने किया। जिसमें करीब 115 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। यह जागरूकता रैली पूरे गांव में निकाली गई और नन्हे बच्चों ने आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान में अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने की अपील की। इस मौके पर इंचार्ज और प्रधानाचार्य अजय ने विद्यार्थियों को अपने घरों पर तिरंगा फहराने की शपथ भी दिलाई। 9 विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार और एनसीसी एलुमनी क्लब के अध्यक्ष गिरीश निशाना, शिक्षक नितिन कुमार सिंह, ममता, सुधा शर्मा समेत काफी संख्या में शिक्षक



और विद्यार्थी मौजूद रहें।

## किले और सीकरी में स्थापित होंगे 50 फीट ऊंचे तिरंगे स्वच्छता सप्ताह और फोटो प्रदर्शनी का भी आयोजन

आगरा (वी एन मिश्र)आजादी के अमृत महोत्सव के तहत भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग (एएसआई) ने देश भर के सभी संरक्षित स्मारकों को पांच से 15 अगस्त तक निःशुल्क कर दिया है। इसमें जिले के ताजमहल, फतेहपुर सीकरी, सिकंदरा सहित अन्य स्मारक शामिल हैं। महोत्सव के तहत विविध कार्यक्रमों का आयोजन भी होगा। एएसआई के अधीक्षण पुरातत्वविद राजकुमार पटेल ने बताया कि अमृत महोत्सव के अंतर्गत आठ से पंद्रह अगस्त तक चार प्रमुख स्मारकों स्वच्छता सप्ताह मनाया जाएगा और फोटो प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। चार स्मारकों को तिरंगी रोशनी से भी सजाया जायेगा। इन स्मारकों में आगरा किला, सिकंदरा, एतमादद्दौला और फतेहपुर सीकरी शामिल हैं। इसके अलावा आगरा किले और फतेहपुरसीकरी में 50-50 फीट ऊंचे तिरंगे झंडे भी स्थापित किये जायेंगे, जो वहाँ हमेशा लगे रहेंगे। पटेल ने बताया कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के निदेशक डॉ. एनके पाठक ने इस बारे में परिपत्र जारी कर दिया है। पांच अगस्त से ग्यारह दिनों के लिए सभी संरक्षित स्मारकों में पर्यटकों को बिना टिकट प्रवेश मिलेगा। गौरतलब है कि इससे पहले ताजमहल में शाहजहां के उर्स पर तीन दिन के लिए पर्यटकों का प्रवेश निःशुल्क रखा गया था। उस दौरान पर्यटकों की काफी भीड़ रही थी। अब 11 दिन के लिए प्रवेश निःशुल्क होने पर पर्यटकों की भीड़ बढ़ने की उम्मीद है

## सपा ने छोटे लोहिया स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र की जयंती मनाई



**देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी** नोएडा समाजवादी पुरोधा छोटे लोहिया स्व. जनेश्वरे मिश्रे की 90 वीं जयंती सेक्टर 102 स्थित भंगेल सपा कार्यालय में मनाई गई। इस अवसर पर नोएडा ग्रामीण के निवर्तमान जिला महासचिव व प्रवक्ता राघवेन्द्र दुबे एवं व्यापार सभा अध्यक्ष मनोज गोयल ने पार्टी कार्यकताओं के साथ स्वर्गीये जनेश्वरे मिश्रे के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको याद किया। जनेश्वरे मिश्रे के जीवन एवं उनके राजनैतिक योगदान पर विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया जिसमें वक्ताओं ने उनके जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर बोलते हुए सपा नोएडा ग्रामीण के निवर्तमान जिला महासचिव व प्रवक्ता राघवेन्द्र दुबे ने कहा कि स्व. मिश्रे का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायक हैं उन्होंने हमेशा गरीब, मजदूर, किसान, नौजवान के हितों के लिए जीवन पर्यन्त संघर्ष किया। उनका जन्म 5 अगस्त 1933 को बलिया जिले के शुभनताही गांव में हुआ था। उन्होंने इलाहाबाद लोकसभा का तीन बार प्रतिनिधित्व किया। स्व. जनेश्वरे जी का जीवन सादगी भरा रहा। उन्होंने अपने संघर्ष क्षमता के बल पर वीपी सिंह और इंदिरा गांधी के मंत्रिमण्डल में पेट्रोलियम मंत्री रहे, केडी मालवीय को लोकसभा चुनाव में हराने का काम किया था। वह पेट्रोलियम, जल संसाधन, खाद्य एवं रसायन, ऊर्जा, जहाजरानी, परिवहन, दूरसंचार व रेलमंत्री जैसे अहम पदों पर रहे। बड़े पदों पर रहने के बावजूद उनका जीवन बहुत ही सादा था।उनके बताये मार्ग पर चलकर हम सभी समाजवाद की परिकल्पना को साकार कर सकते है। इस अवसर पर सपा व्यापार सभा अध्यक्ष मनोज गोयल,वरिष्ठ नेता सुरेंद्र गौतम, सतवीर गौतम, विनोद कुमार सिंह, सुबोध गोयल , सौरभ जिंदल, पुष्पेंद्र बंसल, रेशम पाल सिंह, इंद्रजीत सिंह, शानू सहित तमाम पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नोएडा में बारात घरों की बुकिंग ऑनलाइन की जाए – भूपेन्द्र जादौन

**देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी**




नोएडा आम आदमी पार्टी का प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह जादौन के नेतृत्व में नोएडा प्राधिकरण की मुख्य कार्यपालक अधिकारी ऋतु महेश्वरी से मुलाकात कर नोएड़ा प्राधिकरण द्वारा निर्मित बारात घरों की बुकिंग ऑनलाइन करने की माँग की। आप जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह जादौन ने कहा नोएडा में आम आदमी को बारात घरों की बुकिंग के लिए दर दर की ठोकर खानी पड़ रही है। बरात घरों की बुकिंग को सरल बनाया जाए । नोएडा में ज्यादातर बारात घरों की बुकिंग आरडबल्यूए द्वारा की जा रही है। जिसमें आम आदमी को बड़ी समस्या हो रही है क्योंकि बरात घरों की बुकिंग के सिस्टम में आरडबल्यूए के पदाधिकारी भेदभाव की नीति को अपनाते हैं प्राधिकरण द्वारा निर्मित बरात घरों की बुकिंग प्रक्रिया में भेदभाव का फायदा प्राइवेट बारात घरों के मालिक उठा रहे हैं आम जनता से बुकिंग के नाम पर मोटी रकम वसूल करते है भूपेन्द्र सिंह जादौन ने कहा नोएड़ा क्षेत्र के बरात घरों की बुकिंग ऑनलाइन न होने की बजह से एक आम आदमी को बरात घरों की बुकिंग के लिए सिफारिश करनी पड़ती है और इधर उधर चक्कर लगाने पड़ते है कारण यह है इनकी देखरेख करने वाले आरडब्ल्यूए पदाधिकारी शादी ब्याह या किसी भी कार्यक्रम के लिये बारात घरों की बुकिंग में अपने नजदीकी लोगों को ही प्राथमिकता देते है नोएडा के हर जरूरत मंद को बरात घरों का लाभ मिले न कि सिर्फ आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों के परिचितों को नोएडा के हर जरूतमन्द और आम आदमी के हित का ध्यान रखते हुए आम आदमी पार्टी माँग करती है नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र में निर्मित सभी बरात घरों की बुकिंग प्रक्रिया को सरल बनाने के लिऐ प्राधिकरण की वेबसाइट पर बरात घरों की बुकिंग शुरू की जाये। इससे आसानी से नोएडा के लोग अपने घर और दफ्तर से ही बरात घरों की बुकिंग कर सकें। पार्टी प्रतिनिधि मंडल में जिला प्रवक्ता प्रो ऐ के सिंह,जिला महासचिव राकेश अवाना, जिला कोषाध्यक्ष मुन्ना गुप्ता,जिला उपाध्यक्ष कैलाश शर्मा,नितिन प्रजापति, एडवोकेट दिलीप मिश्रा, प्रवीन धीमान, विनीत राजपूत, विजय श्रीवास्तव, राजीव सिंह,सतीश गौतम, ऋषि बैसोया, विवेक कुमार,अफजल चौधरी, जयराम ठाकुर आदि पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मॉडल स्कूल बिरसा के मॉडल ने बनाया राज्य स्तर के लिए अपना स्थान

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बिरसा/बालाघाट।03 अगस्त को आयोजित संभाग स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन पी.एस. एम. कॉलेज जबलपुर मे हुआ । जिसमें जबलपुर संभाग के जिलो से चयनित मॉडलो का प्रदर्शन एवं राज्य स्तर के चयन हेतू प्रदर्शनी का आयोजन किया गया ।जलवायु परिवर्तन कथानक पर शा. मॉडल स्कूल बिरसा के मॉडल का चयन राज्य स्तर के लिए किया गया है।

मॉडल का शीर्षक ओजोन क्षरण एवं संरक्षण के उपाय पर छात्राएं कुमारी ईशिका राणा एवं आरती क्षीरसागर ने जयप्रकाश यादव उ.मा.शिक्षक (जीव विज्ञान) के मार्गदर्शक में आज के इस ज्वलंत मुद्दे को प्रस्तुत किया गया। जिसका निर्णायक समिति द्वारा छात्रा के प्रस्तुतीकरण एवं मॉडल के प्रदर्शन पर राज्य स्तर के लिये चयन किया गया है।

बिरसा स्कूल के मॉडल के राज्य स्तर पर चयन होने पर संस्था को जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी उपाध्याय ए.डी.पी.सी. राजेन्द्र श्रीवास्तव बी. आर. सी. हेमन्त राणा एवं समस्त शिक्षा विभाग के अधिकारियो ने शुभकामनाएं दी है। साथ ही संस्था के प्राचार्य सौरभ



कुमार शर्मा, राजेश कुमार धुर्वे उ.मा. शिक्षक, सतीश कुमार गजभिये उ.मा. शिक्षक, पूजा कुशरे उ.मा. शिक्षक, राजेश कुमार राहंगडाले उ.मा. शिक्षक, उम्मेद केलकर उ.मा. शिक्षक, पुष्पेन्द्र पालके उ.मा. शिक्षक,मंजुलता पटले मा. शिक्षक, मनीष राहांगडाले, राजेन्द्र सहारे, राम धुर्वे, लक्ष्मण धुर्वे एवं समस्त स्टाफ द्वारा राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतू अग्रिम शुभकामनाएं दी गई।

## हर घर तिरंगा को लेकर नॉएडा भाजपा की रणनीति तैयार

**देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी**

नोएडा आजादी के अमृत महोत्सव के चलते पूरे भारत में "हर घर तिरंगा अभियान" चल रहा है इसके चलते भारतीय जनता पार्टी ने भी अपनी पूरी तैयारी कर ली है। भाजपा नोएडा ने अपने हर मंडल के लिए एक ज़िला टीम का गठन किया है जिसने सभी मंडलों में अपनी मीटिंग कर पूरी मंडल टीम के साथ अपनी रणनीति बना ली है।

हर मंडल में बैठक कर कैसे सभी घरों में लोगों को तिरंगा देना और सभी से सम्पर्क करना और पूरी ज़िले में ज्यादा से ज्यादा लोगों से सम्पर्क कैसे किया जाए इन सभी बातों पर चर्चा कर रणनीति तैयार हो गयी है।

अटल बिहारी वाजपेई मंडल, प. दीन दयाल उपाध्याय मंडल, कृष्णा नगर मंडल, महाराणा प्रताप मंडल, शहीद भगत सिंह मंडल, सैनिक विहार मंडल, श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल, सरस्वती शिशु मंडल समित सभी मंडलों पर सभी विषयों पर चर्चा हुई।

इस मौके पर महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, महामंत्री चंदगिराम यादव, उमेश त्यागी, डिम्पल आनंद, मंडल अध्यक्ष कल्लू सिंह, अशोक मिश्रा, सूरज पाल राणा, लोकेश कश्यप, बबलू यादव, पंकज झा, गोपाल गौर,




राम मेहर कौशिक, महेश अवाना, मनीष शर्मा, युद्धवीर चौहान, योगेन्द्र चौधरी, गिरीश कोटनाला, मुकेश शर्मा, धर्मेंद्र गुप्ता, चमन अवाना, तन्मय शंकर, प्रमोद बहल, प्रज्ञा पाठक, मनोज चौहान, गौतम शर्मा, प्रवेश चौहान, राजीव त्यागी, नरेश शर्मा, तारा चंद ओमपाल सिंह, लक्ष्मण धस्माना, अनुराग बाजपाई, सुमन चौहान, विनोद पारीक, मधुरेंद्र सिंह, बलराज चौधरी, परमिंदर बैरागी, भरत मिश्रा, गजराज भारद्वाज, ललित सिसोदिया, धनपाल सिंह, राकेश सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सपा नोएडा महानगर ने छोटे लोहिया (जनेश्वर मिश्र) को किया शत-शत नमन

**देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी**

नोएडा छोटे लोहिया के नाम से विख्यात जनेश्वर मिश्र की जयंती सेक्टर नौ स्थित सपा नोएडा महानगर कार्यालय पर निवर्तमान नोएडा महानगर अध्यक्ष दीपक विग की अध्यक्षता में उनके चित्र पर फूल माला चढ़ाकर धूमधाम से मनाई गई,

, दीपक विग ने कहा कि जनेश्वर मिश्र ने समाजवाद का पर्चा लहराया था उन्होंने हमेशा दलित शोषित और पीड़ितों की लड़ाई लड़ी थी उन्होंने सदैव समाज के बारे में चिंतन किया उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी समाजवादियों के लिए समर्पित कर दिए, उन्होंने वर्तमान सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आज नोएडा शहर में स्वास्थ्य ,शिक्षा और कानून व्यवस्था पूरी तरह से लचर हो चुकी है सरकारी अस्पताल में लोग बिना इलाज और दवाई के परेशान हैं नोएडा के जनसंख्या के अनुपात में ना तो यहां कॉलेजों की संख्या बढ़ाई गई और ना ही सरकारी स्कूलों की संख्या बढ़ाई गई, स्कूलों कॉलेज में व्यवस्था पूरी तरह फेल है, आज शहर में चारों तरफ भय का माहौल है लगातार लूट ,चोरी, कत्ल की वारदात शहर में बढ़ती जा रही है, शकील सैफी ने कहा कि जनेश्वर मिश्र को छोटे लोहिया के नाम से भी जाना जाता है उनके रग रग में समाजवाद भरा हुआ था, वही मीडिया प्रभारी व प्रवक्ता गौरव कुमार यादव ने कहा कि आज जनेश्वर मिश्र की जयंती पर सभी समाजवादी लोग व्रत लेंगे कि वे जनेश्वर मिश्र के बताए मार्ग पर चलकर भाजपा की भय भूख और भ्रष्टाचार के उल्टे पड़े नारे



को जन-जन तक पहुंचाएंगे और उन्हें बताएंगे कि महंगाई किस चरम पर है पेट्रोल डीजल महंगे हो गए हैं इसके साथ सरसों का तेल और अन्य चीजों के दाम भी आसमान छू रहे हैं, बैठक को गौरव चाचरा, विपिन अग्रवाल, दिनेश यादव , सुनीता शारदा वह अतुल यादव ने भी संबोधित किया,आज के बैठक में मौजूद मुख्य लोगों में , दीपक विग ,शकील सैफी, विपिन अग्रवाल, गौरव चाचरा, दिनेश यादव,गौरव कुमार यादव, अतुल यादव, सुनीता शारदा ,मुन्ना आलम, मुफ्ती मुबारक, साहिल चौधरी मुमताज आलम, लोकपाल यादव, शहजाद, अमित यादव ,नीर, हरमीत मल्होत्रा ,सद्दाम ,शुभम दुबे, अमित, विपुल, मानसी ,वीर बहादुर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## मोहर्रम को शांतिपूर्ण कराने के लिए कानपुर में कटिबद्ध नए पुलिस कमिश्नर की तैयारियां

*बीती 3 जून को सांप्रदायिक हिंसा के शिकार हो चुके अतिसंवेदनशील कानपुर में कम चिनौती पूर्ण नहीं ईद, बकरीद और मुहर्रम जैसे किसी भी त्योहार को सकुशल शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना*

**सुनील बाजपेई**

कानपुर। यहां बीती 3 जून को हुई हिंसा का शिकार हो चुके उत्तर प्रदेश के इस संवेदनशील महानगर में कमिश्नरेट पुलिस द्वारा आगामी मोहर्रम के त्यौहार को सकुशल और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने की हर संभव तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

इसके लिए विजय सिंह मीणा के बाद यहां के नए पुलिस कमिश्नर बनाये गये वरिष्ठ आईपीएस एडीजी बीपी जोगदंड वह सभी आवश्यक तैयारियां करवा रहे हैं ,जिससे मोहर्रम के चुनौतीपूर्ण त्यौहार को शांतिपूर्ण और सकुशल तरीके से संपन्न कराया जा सके। लोकहित के मद्देनजर कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में सफल नेतृत्व कुशलता वाले कानपुर के नये पुलिस कमिश्नर बीपी जोगदंड इसके लिए अपने मातहतों को आवश्यक आदेश निर्देश भी लगातार दे रहे हैं।

विभागीय सूत्रों की नजर में जहां तक देश प्रदेश के कर्तव्यनिष्ठ और ईमानदार आईपीएस अधिकारियों में से एक निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के तेजतर्रार ,व्यवहार कुशल तथा कठोर परिश्रमी वरिष्ठ आईपीएस एडीजी बीपी जोगदंड की पुलिस कमिश्नर कानपुर के रूप में उनकी चुनौतीपूर्ण नियुक्ति का सवाल है ,उसे उनकी कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के



खिलाफ और पीड़ितों के हित में अपने कर्तव्य का पालन सदैव निष्ठा और ईमानदारी के साथ करना ही माना जा रहा है।

यही नहीं भारतीय पुलिस सेवा में आने के बाद उनके अबतक के जुझारू कार्यकाल के विवेचन से यह भी पता चलता है कि हालात चाहे जैसे रहे हों लेकिन शांति तथा कानून व्यवस्था के खिलाफ हर स्तर की अनुचित सिफारिशों को जूते की नोक पर मारने के लिए भी चर्चित और अपनी अबतक की जुझारू नौकरी के कार्यकाल में सैकड़ों सफेदपाश माफिया अपराधियों को भी भरपूर सबक सिखा चुके वरिष्ठ आईपीएस एडीजी बीपी जोगदंड ने अपनी कर्तव्य के प्रति निष्ठा और ईमानदारी के साथ समझौता आज तक नहीं किया।

इसी आधार पर विभागीय सूत्रों का दावा है कि 28 अक्टूबर 1963 को महाराष्ट्र के लातूर में शरीर धारण कर मुंबई व दिल्ली में बीटेक मैकेनिकल, पीजीडीएम, एमबीए तक की शिक्षा के बाद 1991 में भारतीय पुलिस सेवा नियुक्ति के दौरान विभिन्न जनपदों में एसपी, एसएसपी के साथ ही डी आई जी रेंज और आई जी जोन के रूप में अपनी सफल सराहनीय सेवा और लोक हित वाली अपनी कार्य शैली और उपलब्धियों के फलस्वरूप कई मेडलों के भी यशस्वी धारक अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई और पीड़ितों की तत्काल सहायता के लिए भी चर्चित निर्दोष फंसे नहीं और दोषी बचे नहीं जैसी लोक हित की प्रबल विचारधारा वाले बेहद कर्मठ और ईमानदार कानपुर के नए पुलिस कमिश्नर बनाए जाने से पहले 9 अक्टूबर 2009 से लेकर फरवरी 2010 तक कानपुर के सफल डीआईजी एसएसपी भी रह चुके वरिष्ठ आईपीएस एडीजी भागीरथ प्रसाद जोगदंड की विवेकशीलता, उनकी दूरदर्शिता, उनकी व्यवहार कुशलता और उनकी कर्मठता पूर्ण कुशल नेतृत्व क्षमता मोहर्रम के चुनौतीपूर्ण त्योहार को कुशल शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराकर ही दम लेगी

## मंत्री श्री कावरे की अगुवाई में परसवाड़ा में हर घर तिरंगा रैली का हुआ आयोजन

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बालाघाट।मध्यप्रदेश शासन के आयुष मंत्री रामकिशोर ह्लनानोह्व कावरे की अगुवाई में 5 अगस्त कों परसवाड़ा में हर घर तिरंगा रैली का आयोजन किया गया । मंत्री श्री कावरे ने कहा कि लोगों में देशसेवा एवं देशभक्ति की भावना जागृत करने के लिए 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। सभी लोग इस अभियान में शामिल हों और स्वयं तिरंगा झंडा क्रय कर अपने घर लगायें। इस रैली में नवनिर्वाचित जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री समल सिंह धुर्वे, उपाध्यक्ष श्री कांतिलाल रहांगडाले, सभी जनपद सदस्य, वन मंडलाधिकारी श्री अभिनव पल्लव, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री जयदेव शर्मा, अन्य अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए और आम जन को संदेश दिया कि तिरंगा झंडा हमारे देश की आन-बान-शान है। इसके प्रति सम्मान एवं देश के प्रति लगाव प्रदर्शित करने के लिए सभी लोग हर घर तिरंगा अभियान में शामिल हों और गांव के हर घर में 13 से 15 अगस्त तक तिरंगा झंडा लगायें।



# कृपालु के नाम से जाना जाएगा मनगढ़ गांव और कुंडा स्टेशन

**समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। कौशांबी सांसद विनोद सोनकर के प्रयास से जल्द ही कुण्डा के रेलवे-स्टेशन व मनगढ़ गांव का नाम बदल जाएगा। अब कुण्डा हरनामगंज रेलवे-स्टेशन का नाम कृपालु नगर कुण्डा एवं मनगढ़ गांव का नाम कृपालु धाम मनगढ़ होगा।

उक्त जानकारी सांसद के मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय ने देते हुए बताया कि मंगलवार को कौशांबी सांसद विनोद सोनकर ने भारत सरकार के गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर कौशांबी में हुए सांसद खेल महोत्सव 2021 की स्मारिका भेट की एवं एक पत्र दिया।

सांसद विनोद सोनकर ने पत्र में कहा कि मेरे पूर्व के आग्रह पर कुण्डा रेलवे-स्टेशन एवं मनगढ़ का नाम बदलने की मांग पर रेलवे एवं गृह मंत्रालय द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार से गृह मंत्रालय को प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया गया था।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गृह मंत्रालय भारत सरकार को प्रस्ताव भेज दिया गया है। अब गृह मंत्रालय भारत सरकार की संस्तुति मिलते ही रेलवे-स्टेशन एवं मनगढ़ गांव का नाम बदल जायेगा।

बता दें कि कुण्डा तहसील के मनगढ़ गांव में जगद्गुरु कृपालु जी महराज का जन्म हुआ था। कृपालु जी महराज ने देश ही नहीं विदेश तक सनातन धर्म का प्रचार प्रसार किया। महराज जी ने कुण्डा को नई पहचान दी।



कुण्डा में बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए मुफ्त में शिक्षा व्यवस्था, मनगढ़ गांव में मुफ्त स्वास्थ्य व्यवस्था सहित अनेक कार्य महराज जी ने क्षेत्र में किया। 2020 में सांसद विनोद सोनकर ने रेलवे-स्टेशन एवं मनगढ़ गांव का नाम बदलने का प्रस्ताव गृह मंत्रालय भारत सरकार को दिया था।

उत्तर प्रदेश सरकार ने अपनी सहमति जताते हुए गृह मंत्रालय भारत सरकार को प्रस्ताव भेज दिया है। अब जैसे ही गृह मंत्रालय अपनी अनुमति प्रदान करेगा। इन दोनों स्थानों का नाम बदल जाएगा।

# मोहर्रम गेट के विरोध में धरने पर बैठे राजा उदय प्रताप सिंह को पुलिस ने किया नजरबंद

**समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया के पिता राजा उदय प्रताप सिंह को 5 अगस्त 2022 की सुबह घर में ही नजरबंद कर दिया गया। शुक्रवार 5 अगस्त 2022 की सुबह नित्य क्रिया के लिए वे धरनास्थल से उठकर भदरी कोठी गए थे। उसी दौरान उन्हें प्रशासन ने नजरबंद कर दिया।

नजरबंद की नोटिस पुलिस ने तामील कराते हुए गेट पर चस्पा कर दिया। मोहर्रम का गेट लगाने के विरोध में राजा उदय प्रताप सिंह विरोध स्वरूप पिछले दो दिनों धरना दे रहे थे। कुंडा के शेखपुर आशिक में मोहर्रम के मौके पर मस्जिद नुमा गेट लगाए जाने का वह विरोध कर रहे थे। इसके विरोध में वह धरने पर बैठे थे।

वह शुक्रवार की सुबह करीब 5 बजे नित्य क्रिया के लिए धरना स्थल से उठकर भदरी कोठी गए हुए थे। जानकारी होते ही कुंडा कोतवाल प्रदीप कुमार, हथिगवां एसओ संतोष सिंह पीछे-पीछे भदरी पहुंच गए, जहां पर उन्होंने नजरबंद की नोटिस तामिल कराते हुए उसे गेट पर चस्पा कर दिया। एसडीएम कुंडा सतीश चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि राजा उदय प्रताप सिंह को धारा 144 के तहत भदरी कोठी में नजरबंद किया गया है। राजा उदय प्रताप 3 अगस्त 2022 की सुबह शेखपुर में लगे मोहर्रम के मस्जिद नुमा गेट के हटाने की मांग कर रहे थे। उनके धरने उठाने के लिए डीएम एसपी समेत अधिकारी प्रयासरत थे लेकिन वह मानने को तैयार नहीं थे। उनका कहना था कि जब तक मस्जिद नुमा गेट नहीं हटाया जाएगा ,तब तक वह धरने से नहीं उठेंगे। इसे लेकर प्रशासन काफी परेशान था। ऐसे में शुक्रवार की सुबह उन्हें भदरी कोठी में नजरबंद करने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली।

# जिला प्रशासन बना असहाय भ्रष्टाचार में लिप्त प्रधान पर Fir होने के बाद भी नहीं हो रही है गिरफ्तारी

**समाज जागरण संवाददाता विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़ विकासखंड सांगीपुर ग्राम देऊ पूरब के रहने वाले रामदेव गुप्ता पुत्र स्वर्गीय रामदास ने अपने ही ग्रामसभा देऊ पूरब के प्रधान पर आवास, नाली, चकरोट, खड़ंजा, शौचालय, में हुए भ्रष्टाचार को लेकर जिले के संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिया था जांच के नाम पर अधिकारियों द्वारा बार-बार पीड़ित को गुमराह किया गया। जिस पर पीड़ित रामदेव गुप्ता ने दिनांक 10/ 11/ 2017 को हाईकोर्ट में भ्रष्टाचार संबंधित रिट कर दिया। बताते चलें आज हमसे बात करते हुए पीड़ित ने बताया कि मामला हाईकोर्ट के संज्ञान में आने के बाद हाईकोर्ट ने जिला अधिकारी प्रतापगढ़ को एफ आई आर कराने का आदेश दिया जिलाधिकारी के आदेश पर खंड विकास अधिकारी सांगीपुर ने आरोपित प्रधान के ऊपर सांगीपुर थाने में धारा 409, 420, एफआइआर दर्ज कराई ।भ्रष्टाचार में लिप्त प्रधान द्वारा कई विकास के कार्यों को ग्राम सभा में ना कराकर विकास कार्यों के लिए आए रुपए को प्रधान द्वारा निकाल लिया गया पीडी द्वारा की गई जांच के दौरान पता चला कि चकरोड मार्ग पर खड़ंजा नहीं लगाया गया है जिसकी रिकवरी के 1 लाख, 20 हजार ,ड्ढ204 रुपए जिले के आला अधिकारियों ने किया। मामला भ्रष्टाचार का उजागर होने पर जिसकी खबर भी जिले के कई समाचार पत्रों में छपी थी इस मामले को लेकर पीड़ित का कहना है की एफ आई आर होने के बाद भी ग्राम प्रधान को सांगीपुर की पुलिस बचा रही है जब इस मामले को लेकर सांगीपुर के प्रभारी निरीक्षक से बात की गई तो वह बताएं कि विवेचना हो रही है विवेचना के बाद ही गिरफ्तारी होगी जबकि धारा 409, 420, जैसी धाराओं में अभियुक्त की गिरफ्तारी होनी चाहिए इस मामले मे सांगीपुर पुलिस की कार्यशैली पर पीड़ित सवाल उठा रहे है। आरोपी प्रधान से ग्राम सभा के विभिन्न कामों में ग्राम सभा में विकास का कार्य न कराकर पैसा निकाल कर सरकारी धन बंदरबांट कर दिया गया। पुलिस ऐसे कौन से तथ्य और सबूत तलाश रही है। बरहाल इस मामले में पीड़ित का कहना है पुलिस पूरी तरह से आरोपी प्रधान से मिली है उसे बचा रही है। पीड़ित का कहना है एक तरफ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कहते हैं भ्रष्टाचार और अपराध के मुद्दे पर जीरो टॉलरेंस की नीति पर जिले के आला अधिकारी काम करें यहां भ्रष्टाचार की एफ आई आर होने के बाद भी पुलिस आरोपी प्रधान को बचा रही है जबकि मौके पर मौजूद लोगों का कहना है आरोपी प्रधान हमेशा सांगीपुर थाने में ही पुलिस के साथ बना रहता है आरोपी प्रधान के ऊपर कई आपराधिक मुकदमे भी सांगीपुर थाने में पंजीकृत हैं।

# भदरी नरेश के समर्थन में व्यापारियों ने की सामूहिक बंदी

**समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। भिटारा बाजार के व्यापारियों ने शुक्रवार को बाजार में सामूहिक बंदी का ऐलान किया और चौराहे पर एकत्र होकर उदय प्रताप सिंह के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। भिटारा के दुकानदारो जनता ने कहाकि यह बंदी सभी व्यापारियों ने सर्वसम्मति से बड़े महाराज उदय प्रताप सिंह के समर्थन में की है। हीरागंज और बिहार भी भदरी नरेश के समर्थन में पूरी तरह से बंद रहा` धरनें का समर्थन करनेवाले लोगों का कहना है कि जब तक मजहबी गेट नहीं हटता हम सब धरना प्रदर्शन करते रहैंगे ` लोगों ने जनता से अपील की है कि भदरी नरेश का साथ देकर अपनी स्मिता के लिए आगे आए`
इस दौरान गयापाल सिंह कछवाह, छोटेलाल शुक्ल, अनुपम शुक्ल, बच्चा सिंह, अभिषेक प्रताप सिंह, नंहे सिंह, सुधीर कुमार मिश्र, सोहन शर्मा, बच्चा मिश्र आदि उपस्थित रहे।

# युवक पर किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप, पुलिस कर रही जांच

**समाज जागरण प्रमोद साहू बिहार प्रतापगढ़:**हथिगवां थाना क्षेत्र के कैम्बा गांव की एक महिला ने पुलिस को तहरीर दी है। इसमें कहा गया है कि तीन अगस्त की शाम चार बजे उसकी 17 वर्षीय बेटी घर के पास खड़ी थी। तभी गांव का एक युवक दो साथियों संग पहुंचा और उसकी बेटी को बहलाफुसला कर ले गया। महिला ने नामजद तहरीर दी है। आरोप है कि गुरुवार को आरोपी की ओर से जान से मारने की धमकी दी गई। एसओ संतोष सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही है।

# लंबी कूद में सतीश और विवेक ने मारी बाजी

**प्रमोद साहू बिहार प्रतापगढ़:** बिहार ब्लॉक के बूढ़ेपुर गांव में आयोजित लंबी कूद प्रतियोगिता में ग्रामीण युवाओ में छिपी प्रतिभा का प्रदर्शन हुआ। दो दर्जन से अधिक युवाओ ऊंची कूद में अपना कला कौशल दिखाया। फाइनल राउंड में सतीश यादव पंडित का पुरवा और विवेक कुमार लोसनापुर ने बाजी मारी। मुख्य आयोजक महावीर सरोज के साथ मुख्य अतिथि के रूप में समाज जागरण के पत्रकार प्रमोद और सैकड़ों की संख्या में प्रतिभागियों के साथ ग्रामीण मौजूद रहे।

# हर घर तिरंगा के तहत सेल्फी प्रतियोगिता में लें भाग और 1 लाख तक का इनाम जीतें-जिलाधिकारी

## अपने घरों पर तिरंगा फहराएं और देश की शान बढ़ाएं

समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़। जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने बताया है कि आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत हर घर तिरंगा का



आयोजन पूरे प्रदेश में भव्य रूप से मनाया जायेगा। उन्होने बताया है कि स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर स्वतंत्रता सप्ताह दिनांक 11 से 17 अगस्त 2022 तक मनाया जायेगा। हर घर तिरंगा आयोजन के अन्तर्गत जनसामान्य सेल्फी प्रतियोगिता में भाग लें और 1 लाख तक का इनाम जीते। उन्होने बताया है कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये वेबसाइट www.harghartiranga.com पर विजिट करें और अपलोड सेल्फी पर क्लिक करें, अपना नाम लिखें, ब्राउज फाइल पर क्लिक कर अपनी सेल्फी अपलोड करें तथा सबमिट बटन पर क्लिक करें। उन्होने जनसामान्य से यह भी कहा कि अपने घरों पर तिरंगा फहराएं और देश की शान बढ़ाएं।

# कठौरा क्षेत्र में अज्ञात चोरों का खौफ जारी,तीन घरो नकदी सहित जेवर अन्य सामान उड़ाया

**समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी**

कमरौली अमेठी कमरौली थाना क्षेत्र अंतर्गत बृहस्पतिवार की रात एक बार फिर बेखौफ चोरों ने पुलिस को चुनौती देते हुए तीन घरों में जेवर और नगदी



को पार कर दिया में पिछले कुछ दिनों से कठौरा क्षेत्र में हो रही चोरी की घटनाओं से लोगों में भय व्याप्त है।कमरौली थाना क्षेत्र के कठौरा गांव से गुजरे हाईवे से महज कुछ दूरी पर स्थित पूरे मेढ़ई लोध का पुरवा में बीती रात बेखौफ चोरों ने तीन घरों को निशाना बनाते हुए पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी। एक के बाद एक कर के चोरों ने घर में रखे बक्से और अलमारी का ताला तोड़ कर नगदी सहित लगभग हजारो रुपये के जेवर सामान पर हाथ साफ कर दिया। बताते हैं कि चोरों ने पहले गांव के राम नरेश पुत्र राम तिलक के घर में दीवार के सहारे घुसकर नगदी सहित सोने चांदी के आभूषण पर हाथ साफ कर दिया। इसके बाद बगल में ही सटे
कल्लू पुत्र राम प्यारे के घर में घुस गए और बक्से में रखे हजार रुपये नगद व चांदी के जेवरात गायब कर दिया। इस घटना को अंजाम देने के बाद बेखौफ चोर पुनः थोड़ी दूर में स्थित किरन सिंह पत्नी उदय भान सिंह के मकान में छत के रास्ते अंदर घुस गए और कमरे के अंदर प्रवेश कर चोरों ने आलमारी तोड़कर रखें जेवर अंगूठी व कुछ जरूरी कागजात, बीमा के पेपर सहित अन्य कीमती कपड़ों पर हाथ साफ कर दिया। इस सम्बन्ध में रामनरेश की पत्नी राजकुमारी ने बताया कि हम सब लोग बाहर सो रहे थे उसी का फायदा उठाकर चोरो ने पीछे के रास्ते घर में घुसकर सारा सामान जेवरात गायब कर दिए
मामले सभी पीड़ितो ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है घटना के बावत कमरौली प्रभारी निरीक्षक निर्मल सिंह का कहना है कि चोरी होने की तहरीर मिली है। जांच कर मामले का जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

# शोषितों और वंचितों के मसीहा 'छोटे लोहिया' की मनाई गई जयंती

समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी

जिला मुख्यालय समाजवादी कार्यालय पर जनेश्वर मिश्र छोटे लोहिया की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता निवर्तमान जिलाध्यक्ष राम उदित यादव और संचालन निवर्तमान महासचिव अरशद अहमद ने किया। जिलाध्यक्ष ने उनके चित्र पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूवात की, और उनके जीवन व कार्यों पर प्रकाश डाला गया। गौरतलब हो कि समाजवादी आन्दोलन के अगुआ रहे और छोटे लोहिया के नाम से विख्यात जनेश्वर मिश्र जीवन पर्यन्त लोगों के विकास और भलाई के काम करते रहे। उनके जीवित रहते जन्मदिवस के अवसर पर संसद परिसर के आस-पास सभी जाति पाति के लोग एक साथ बैठ कर भोजन करते थे। और सबके लिए खुला आमन्त्रण था। इस मौके पर खास तौर पर सभी जरूरत मंद लोगों की मदद भी की जाती थी। वह लोगों को हर मदद के लिए सदैव तैयार रहते थे। वहे दलितों, पीड़ितों, वंचितों और शोषितों की आवाज थे। छोटे लोहियो इलाहाबाद में छात्र आन्दोलन से राजनीति में आये जनेश्वर मिश्रा ताउम्र लोहिया के समाजवाद को जीते रहे। शोषितों,पीड़ितों,गरीबों,मजलूमों, महिलाओं और अल्पसंख्यकों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहते थे। यही वजह थी कि अपने समकालीन सभी नेताओं में वह सबसे ज्यादा लोकप्रिय हैं। पूंजीपतियों को वह खुले दिल से गरीबों की मदद



करने के लिए प्रेरित करते थे`। और सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ सदैव आवाज उठाते थे। एक तरफ वह पूरी मजबूती के साथ सरकार को समर्थन देते थे, लेकिन गलत सरकारी नीतियों पर जमकर सरकार का विरोध भी करते थे। संसद में वह बजट को हमेशा अंतिम आदमी के हित में बनाने पर जोर देते और अपनी दलीलों से वह अपनी बात मनवा भी लेते थे। बजट सत्र में बहस के दौरान उन्होंने कूड़ा बीनने वालों के पुनर्वास, स्वास्थ्य,शिक्षा के लिए किसी प्रकार की नीति ना होने को लेकर दुःख व्यक्त करते हुए लोकतंत्र के खोखले चरित्र को लेकर सरकार को लताड़ा था। वह किसानों के विकास, जाति-धर्म से ऊपर उठकर हमेशा मानवता के लिए कार्य किया। लोहिया और उसके बाद के समाजवादी परम्परा को आगे बढ़ाने के बाद उन्होंने मुलायम सिंह यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ताउम्र वहे` समाजवादी पार्टी की नीतियों को किसान और वंचितों के विकास के अनुकूल बनाने में लगे रहे। युवाओं के भी वह आदर्श थे। अखिलेश यादव ने उनके महान व्यक्तित्व को देखते हुए लखनऊ में जनेश्वर मिश्र के नाम पर एशिया महाद्वीप का सबसे बड़ा जैव विविधता से परिपूर्ण पार्क स्थापित किया। और उनके` राजनीतिक कद के अनुरूप आदमकद मूर्ति की स्थापना और उसी परिसर में अधिकतम ऊंचाई का` राष्ट्रध्वज निर्मित किया गया है। कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने उनके आदर्शो पर चलते हुए आखिरी पायदान के लोगो तक सेवा करते हुए समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस मौके पर तुफैल खान, चंद्रशेखर यादव, राकेश कौहार, राम केवल यादव, महेन्द्र शुक्ला, अनवार खान, बहरैची गुप्ता, बी डी यादव, राम सुन्दर यादव, राम धीरज यादव, पूर्व विस प्रत्याशी विमलेश सरोज आदि सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कांग्रेसियों ने महंगाई व बेरोजगारी के मुद्दे पर किया विरोध प्रदर्शन

**समाज जागरण अरुण शुक्ल लालगंज प्रतापगढ़!** महंगाई तथा बेरोजगारी के मुद्दों को लेकर कांग्रेसी कार्यकताओं ने यहां शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकताओं का गुस्सा तब और बढ़ गया जब उन्हें यह जानकारी हुई कि दिल्ली में पार्टी के मार्च को लेकर राज्य सभा सदस्य प्रमोद तिवारी को हिरासत में ले लिया गया है। कार्यकर्ता क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के कैम्प कार्यालय पर दोपहर एकत्रित हुये और पार्टी के झण्डे बैनर के साथ चौक पर विरोध प्रदर्शन के लिये आ धमके । कार्यकताओं ने महंगाई तथा बेरोजगारी को लेकर भाजपा सरकार की आलोचना करते हुये जनता की समस्याओं को उठाने पर पार्टी के नेताओं के उत्पीड़न पर भी नाराजगी जताई। चौक पर इन्दिरा गांधी की प्रतिमा के सामने कांग्रेसियों को सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते देख फोर्स भी अलर्ट हो गयी। यहां सभा की अध्यक्षता ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष के.डी. मिश्रा व संचालन चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने किया। विरोध प्रदर्ल्शन के आयोजन का संयोजन विधायक मोना के प्रतिनिधि आशीष उपाध्याय ने किया। इस मौके पर छोटे लाल सरोज, पप्पू तिवारी, शैलेन्द्र मिश्रा, राजू पाण्डेय, सिण्टू मिश्रा, श्रीकांत मिश्रा, मुन्ना शुक्ला, शैलेन्द्र तिवारी आदि रहे ।

# अमेठी बढ़ती महंगाई को लेकर कांग्रेस का हल्ला बोल



**समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी**

अमेठीःआसमान छूती मंहगाई तथा बेरोजगारी को लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल के मार्गदर्शन में मुख्यालय गौरीगंज पर केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय से उपाध्यक्ष प्रशान्त त्रिपाठी की अगुवाई में जुलूस की शक्ल में विरोध प्रदर्शन की रैली जैसे ही अमेठी रोड पर हनुमान चौराहे की तरफ बढ़ी, सबेरे से ही जिला कांग्रेस कमेटी को घेरे हुए पुलिस फोर्स ने हनुमान जी चौराहे पर बैरिकेटिंग लगाकर जुलूस को रोक दिया ।काफी देर तक रस्साकस्सी हुई ।उसकेबाद गिरफ्तारियाँ शुरू हो गईं। उपाध्यक्ष प्रशान्त त्रिपाठी ने बताया कि बेतहाशा बढ़ती मंहगाई व बेरोजगारी को लेकर आज यह जबरदस्त आंदोलन किया गया। काफी संख्या में गिरफ्तारियाँ हुईं ।गिरफ्तार होने वाले प्रमुख लोगो मे आशीष शुक्ला सहित जिला संगठन के पदाधिकारी गण, जिलाध्यक्ष सेवादल एवं पदाधिकारी, महिला जिलाध्यक्ष व पदाधिकारी गण,किसान जिलाध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष गण,फ्रंटल संगठन के पदाधिकारी, वरिष्ठ कांग्रेस जन, पूर्व प्रत्याशीगण तथा कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे। यह जानकारी जिला प्रवक्ता डॉ अरविंद चतुर्वेदी ने दी है।

# आजादी के अमृत महोत्सव अभियान कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक

## बैठक के मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष सुनील सिंह एवं विशिष्ट अतिथि चेयरमैन उत्तम कुमार मिश्र

**समाज जागरण/ब्यूरो प्रभाकर गीता त्रिपाठी**

सिंगाही खीरी--नगर पंचायत सिंगाही भेडौरा के अन्तर्गत आने वाले मैरिज हाल में आजादी के अमृत महोत्सव अभियान को लेकर एक बैठक की गई जिसमें मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष सुनील सिंह एवं विशिष्ट अतिथि चेयरमैन उत्तम कुमार मिश्र रहे जिन्होंने सर्वप्रथम पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं भारत माता के चित्रों पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया इसी क्रम में (जिला महामंत्री) विनोद लोधी, (मंण्डल अध्यक्ष) बृजेन्द्र सिंह,(मंण्डल उपाध्यक्ष) रवि गुप्ता, सुनील बत्रा,(भाजपा नेता),कमल जायसवाल (नामित सभासद), जोगेन्दर शाक्य (सभासद प्रतिनिधि), प्रदीप पुरवार (पूर्व चेयरमैन), शिव कल्याण ठठेर, सुकेश रस्तोगी (नामित सभासद), रत्नेश सिंह,दारा सिंह, (महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष) गीता त्रिपाठी,(महामंत्री)मानू गुप्ता, (भाजपा नगर अध्यक्ष) रेनू सोनी ने भी पुष्पार्चन किया फिर कार्यक्रम संचालक रवि गुप्ता ने उपस्थित नगर के



सम्भ्रांत व्यक्तियों का परिचय कराया अतिथियो का स्वागत करते हुए (सभासद प्रतिनिधि) राहुल गुप्ता ने अंगवस्त्र भेंट किया कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए जिला अध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि 13अगस्त से 15अगस्त 2022 तक लगातार हर घर में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झंडा हम सभी के सहयोग से लहराना है इसके लिए कार्यकर्ता बन्धु अपने स्तर से तिरंगा झंडे की व्यवस्था करें जिला महामंत्री विनोद लोधी ने बताया कि हमारा तिरंगा ध्वज हमारे पूर्वजों के बलिदान का फल है इस लिए तीन दिवसीय कार्यक्रम में प्रत्येक घर पर तिरंगा फहरेगा तभी हर घर तिरंगा मय होगा चेयरमैन उत्तम कुमार मिश्र ने बताया की यह अमृत महोत्सव अभियान तीन दिवसीय कार्यक्रम को हम सभी के सहयोग से सफल बनाना है इसी क्रम में (महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष) गीता त्रिपाठी ने बताया की इस अमृत महोत्सव कार्यक्रम को पूर्ण करने के लिए हम सभी महिला मोर्चा की बहने प्रत्येक घर जाकर हर घर पर तिरंगा यह अपना लक्ष्य पूरा करूगी और नगर , क्षेत्र को तिरंगा मय कर देना है जिससे आदरणीय मोदी जी का सपना पूरा हो सके इस कार्यक्रम में डॉ०बालगोविन्द राजपूत, सौरभ गुप्ता, एवं नगर के अन्य भाजपा कार्यकर्ता महिला/पुरुष भी उपस्थित रहे

# रहस्यमय ढंग से गायब हुआ युवक 24 घंटे के अन्दर पुलिस ने बरामद कर परिवारी जनो को सौंपा

## *भेडौरा वार्ड नंबर 04 निवासी बालगोविंद पुत्र छोटे लाल को सिंगाही पुलिस ने किया बरामद*

**समाज जागरण/ब्यूरो प्रभाकर गीता त्रिपाठी/अवधेश कुमार**

भेडौरा खीरी --नगर पंचायत सिंगाही भेडौरा वार्ड नंबर 04 निवासी बालगोविंद कश्यप पुत्र छोटे लाल कश्यप कल अपने परिवारी जनों के साथ खेत में काम कर रहा था किन्हीं कारणों से नाराज होने को लेकर उसने कहा मैं शौच को जा रहा हूं और वह जौरहा नदी के किनारे चला गया काफी देर तक इन्तजार करने वाले उसके परिजनों ने तलास शुरू कर दी लेकिन बालगोविंद (बाले) का कहीं पता न चल सका नदी किनारे उसके चप्पल मिले




काफी खोजबीन करने पर भी कहीं पता नहीं चला तो घर वाले काफी परेशान हुए और अनहोनी के डर से चेयरमैन उत्तम कुमार मिश्र के सहयोग से सिंगाही थाना में बालगोविंद के पिता ने गुमशुदगी की तहरीर दी जिसे थानाध्यक्ष राज कुमार सरोज ने गम्भीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी और 24घंटे के अंदर उनकी सक्रियता सफल हो गई और बालगोविंद (बाले) बरामद करने में कामयाब हो गए और छोटे लाल कश्यप को थाना सिंगाही बुलाकर उनके पुत्र को उनके हवाले कर दिया थानाध्यक्ष सिंगाही ने बताया की युवक की दिमागी हालत ठीक नहीं है

# *आज जिला कारागार गौतम बुद्ध नगर में आयोजित जेल अदालत में 86 पत्राविलयों का किया गया निस्तारण।*

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा प्राप्त निदेशों के अनुपालन में एवं श्री अवनीश सक्सेना, जनपद न्यायाधीश, गौतबुद्धनगर के दिशा-निर्देशन में दिनांक 04-08-2022 को जिला कारागार, गौतम बुद्ध नगर में श्री प्रदीप कुमार कुशवाहा, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय की अध्यक्षता में जेल अदालत का आयोजन किया गया। जेल अदालत में श्री प्रदीप कुमार कुशवाहा द्वारा 86 पत्राविलयों का निस्तारण किया गया। जिला कारागार में निरुद्ध गरीब व असहाय ऐसे बंदीगण जिनके मुकदमों में पैरवी करने वाला कोई नहीं है तथा वह बंदी छोटे-छोटे अपराधिक मामलों में काफी लंबे समय से निरुद्ध है, ऐसे बंदियों को चिन्हित करते हुए तथा न्यायालय द्वारा चिन्हित प्रार्थना पत्रों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए जिला कारागार गौतम बुद्ध नगर में आयोजित जेल अदालत में 86 पत्रावलिओं का निस्तारण किया गया। उक्त विशेष लोक अदालत में श्री प्रदीप कुमार कुशवाहा अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय गौतम बुद्ध नगर के साथ श्री अवनीश राठी कोर्ट मोर्हियर व शशांक गुप्ता न्यायालय लिपिक, श्री अरुण प्रताप सिंह, अधीक्षक जिला कारागार गौतमबुद्धनगर एवं बंदीगण उपस्थित रहे। संबंधित सूचनाएं श्रीमान सचिव पूर्णकालिक श्रीमती शिवानी त्यागी द्वारा प्राप्त कराई गई।

## आयोग अध्यक्ष गौरी शंकर बिसेन ने नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों को दिलायी शपथ

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो



बालाघाट।मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष एवं विधायक श्री गौरीशंकर बिसेन ने 05 अगस्त को वारासिवनी कृषि उपज मंडी के प्रांगण में जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ योगेंद्र निर्मल, ओमकार सिंह बिसेन, छगन हनवत, एसडीएम के सी बोपचे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री दीक्षा जैन एवं वारासिवनी क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

इस अवसर पर विधायक श्री बिसेन ने अपने उद्बोधन में जिले के 10 विकासखंडों में शांतिपूर्वक निर्वाचन कराने के लिए प्रशासन को धन्यवाद दिया और कहा कि नव निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधि जनता को सरकार की योजनाओं का भरपूर लाभ दिलाने का प्रयास करें । कोई भी व्यक्ति सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहें।

इस अवसर पर मंडी प्रांगण के समीप ही हरियाली महोत्सव के अंतर्गत पौधरोपण भी किया गया। विधायक श्री बिसेन ने पर्यावरण को स्वच्छ सुंदर बनाने के लिए वर्ष में पांच बार पौधे लगाने की अपील की कहा कि जिले को आम का हब बनाने के लिए आम के पौधे लगायें।

## पंचायत चुनाव के लिए मतदाता सूची में नाम दर्ज करने के लिए खण्डवार निर्वाचक अधिकारी नियुक्त

### पंचायत चुनाव के लिए जिले में होगें 795 पोलिंग बूथ : जिला निर्वाचन अधिकारी

नूंह जुबैर खान




नूंह, 5 अगस्त : जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त अजय कुमार ने पंचायती राज संस्थाओं के छठे आम चुनाव-2022 के प्रयोजन के लिए मतदाता सूची में योग्य व्यक्तियों के नाम शामिल करने, हटाने या संशोधित करने के लिए खण्डवार जिला निर्वाचक अधिकारियों को अधिकृत किया हुआ है। उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन अधिनियम, 1994 के नियम 12 बी, 15 ए के तहत निर्वाचक अधिकारी अपने-अपने खण्ड में मतदाता सूची में नाम शामिल करने, हटाने या संशोधित करने के लिए फार्म 1-ए पर उचित निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया है। डीसी अजय कुमार शुक्रवार को प्रस्तावित पंचायत चुनाव की तैयारियों को लेकर जिला सचिवालय के सभागार में संबंधित अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में प्रस्तावित 795 मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर ले तथा जो कमी है उन्हें ठीक करा ले। गौरतलब है कि नूंह जिला में 325 सरपंचों, 3506 पंच वार्ड, 188 ब्लॉक समीति तथा 25 जिला परिषद के लिए चुनाव होने है। चुनावों के लिए जिला में 3813 ईवीएम मशीने तैयार कर दी गई है।

नूंह खंड में 127, इंडरी खंड में 85, पुन्हाना खंड में 142, पिनगवां खंड में 107, फिरोजपुर-झिरका में 117, नगीना में 97 व तावडू. में 120 प्रस्तावित मतदान केन्द्र है। इस बैठक में सीईओ जिला परिषद प्रदीप अहलावत, एसडीएम नूंह अश्वनी कुमार, एस-डीएम फिरोजपुर-झिरका रणबीर सिंह, एसडीएम पुन्हाना मनीषा शर्मा, एसडीएम तावडू.सुरेन्द्रपाल, डीडीपीओ राकेश कुमार, डीईओ रामफल धनखड़, डीआईओ नदीम सहित अन्य संबधित अधिकारी मौजूद रहे।

## वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट न होने पर कटेगा चालान, इंस्पेक्टर सुखबीर सिंह

समाज जागरण ब्यूरो

तावडू, 5 अगस्त :- वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट ने होने पर अब चालान कटेगा। आपको बता दें जो वाहन कर्मी बिना नंबर प्लेट और बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के रोड पर अपने वाहनों को दौड़ा रहे हैं वह अब सतर्क हो जाएं। जिला ट्रैफिक पुलिस नूह बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट वाहनों पर कार्रवाई करती नजर आ रही है। बात यहीं नहीं रुकती ओवर स्पीड चलाने वाले वाहन कर्मियों को भी नहीं बख्शा जा रहा है। जिला पुलिस अधीक्षक श्री वरुण सिंगला के दिशानिर्देश अनुसार ट्रैफिक पुलिस ने ऐसे वाहनों के चालान काटने शुरू कर दिए हैं, जिनके पास हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट ना हो और ओवरलोड और हाई स्पीड से अपने वाहनों को रोड पर दौडाते हैं। जिला ट्रैफिक पुलिस ने नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन कर्मियों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। गुरुवार को जिला यातायात धूलावट ट्रैफिक थाना प्रभारी सुखबीर सिंह द्वारा धुलावट टोल पर बगैर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट और ओवर स्पीड के 37 वाहनों के चालान काटे गए। ट्रैफिक थाना प्रभारी सुखबीर सिंह ने कहा कि हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट एक नई तरह की नंबर प्लेट है। ये वाहनों की सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए बनाई गई है। उन्होंने आम नागरिकों से भी आह्वान किया है कि अपने दोपहिया व चार पहिया वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाएं। पुलिस ऐसे वाहनों के चालान काटेगी, जिन पर साधारण नंबर प्लेट लगी हैं। इस मौके पर असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर बाबूलाल, विवेक रावत, दयाचंद, रमेश, राहुल, करण सिंह सहित अन्य ट्रैफिक पुलिस के जवान मौजूद रहे।

## छत्तीसगढ़ी फिल्म कुरुक्षेत्र भरपुर एक्शन और वालीवुड की तर्ज पर नजर आएगा

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

मस्तुरी। छत्तीसगढ़ी फिल्म कुरुक्षेत्र के निमार्ता व निर्देशक उदय कृष्ण आज अपने सहयोगियों के साथ मल्हारः मस्तुरी प्रवास में थे। उन्होंने मां डिडिनेश्वरी देवी का दर्शन कर आशीर्वाद लिया।



ऊन्होने ने बताया की छत्तीसगढ़ी फिल्म कुरुक्षेत्र एक पारिवारिक फिल्म है,जिसमें दो भाईयों का प्यार स्नेह दिखाई देगा। इस फिल्म में छत्तीसगढ़ के संस्कृति को विशेष रुप से ध्यान दिया गया है। इस कुरूक्षेत्र फिल्म में आपको भरपूर एक्शन और रोमांस देखने को मिलेगा। इस फिल्म में छत्तीसगढ़ के सुपर स्टार करण खान ,दिलेश साहू नायक हैं ,अभिनेत्री की भूमिका में पुजा साहू,ज्योत्सना ताम्रकार दिखाई देंगी।

दर्शकों के मंनोरंजन के विशेष ध्यान रखते हुए फिल्म में एक्शन सीन ,रोमांटिक सीन छत्तीसगढ़ के हसीन वादियों में फिल्माया गया है।

यह फिल्म 12अगस्त को छत्तीसगढ़ केसिनेमाघरों में दिखाई जाऐगी आशा और विश्वास के साथ मां डिडिनेश्वरी का आशीर्वाद प्राप्त करने हम अपने टीम के साथ मल्हार पहुंचे हैं।

फिल्म के निमार्ता निर्देशक उदय कृष्ण के साथ ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री मुकेश बंजारे,आशीष बर्मन, आसु यादव,मेलू,नीरज,गोलू यादव,रितुराज टंडन,बंशी भारद्वाज, विशाल बंजारे, सुरेंद्र घोष, ज्वाला बंजारे, चूक्कू,सहित फिल्म के टीम उपस्थित रहे।

## जिला में 13 अगस्त को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन : सीजेएम प्रतीक जैन

नूंह जुबैर खान

नूंह, 5 अगस्त : जिला में आगामी 13 अगस्त को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला मुख्यालय सहित फिरोजपुर झि-रका न्यायिक परिसर में भी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन कर आपसी सहमति से लंबित केसों का निपटारा किया जाएगा। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी श्री प्रतीक जैन ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालय में लंबित फौजदारी समाधेय, चेक बाउंस, बिजली और पानी के बिल मामले, अन्य दीवानी मामले, ट्रैफिक चालान, मोटर व्हीकल दुर्घटनाग्रस्त मामलों आदि का निपटारा किया जायेगा। जिला एडीआर सेंटर स्थित स्थायी लोक अदालत के माध्यम से प्री- लिटिगेशन स्टेज पर विभिन्न बैंकों के बैंक लोन केसों, बिजली, पानी बिल, शिक्षा, इत्यादि जन उपयोगी सुविधाओं से संबंधित मामलों का निस्तारण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति अपने केसों को राष्ट्रीय लोक अदालत में लगाकर आपसी रजामंदी से केसों का निपटारा करवा सकता है। लोक अदालत केसों का निपटान का सरल व प्रभावी तरीका है और आपसी सहमति से ही केसों का निपटारा किया जाता है।



## पुलिस अधीक्षक वरूण सिंगला के मार्गदर्शन में निकाली तिरंगा यात्रा

### स्कूली बच्चों ने निकाली तिरंगा यात्रा पुलिस जवानों ने भी यात्रा में बढ़ चढकर लिया भाग

नूंह जुबैर खान



नूंह। नूंह में शुक्रवार को डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल पुलिस लाईन व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक संस्कृति स्कूल नूंह (मेवात मॉडल स्कूल) के छात्रों ने तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपने हाथों में तिरंगा झंडा लेकर यासीन मेव डिग्री कॉलेज तक पैदल मार्च किया। बता दें कि पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के कुशल मार्गदर्शन व उप-पुलिस अधीक्षक महिला विरुध अपराध ममता खरब के नेतृत्व में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक संस्कृति स्कूल नूंह (मेवात मॉडल स्कूल) से यासीन मेव डिग्री कालेज नूंह तक पैदल मार्च कर तिरंगा यात्रा निकाली। इस मौके पर उप पुलिस अधीक्षक ममता खरब ने कहा कि यह अभियान एक जन आंदोलन है और प्रत्येक देशवासी को इससे जुडड्डा चाहिए। उन्होंने बताया कि जिला वासियों द्वारा भी पूरी धूमधाम के साथ तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। हर व्यक्ति के अंदर देशभक्ति की भावना जागृत करने के उद्देश्य से हर घर तिरंगा अभियान के तहत 13 से 15 अगस्त तक सभी घरों की छत पर, शिक्षण संस्थानों, अस्पतालों, औद्योगिक ईकाईयो व सरकारी भवनों पर तिरंगा फहराया जाएगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी को इसमें भाग लेने की जरूरत है और इसमें हर नागरिक को जोडने.के लिए सामाजिक संस्थाओं, एनजीओ व अन्य संगठनों का भी सहयोग लिया जाएगा । उन्होंने कहा कि देश के हर घर पर तिरंगे झंडे के एक साथ नजर आने से राष्ट्रीय एकता के साथ-साथ सामाजिक सद्भावना और अधिक मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि इस अभियान में विशेषकर युवाओं की अधिक से अधिक भागीदारी हो, ताकि समाज में राष्ट्र के प्रति एक नया जोश नजर आए। इस मौके पर नूंह खंड शिक्षा अधिकारी सद्दीक अहमद, प्रबंधक थाना यातायात निरीक्षक कृष्ण कुमार, प्रबंधक थाना शहर नूंह निरीक्षक हुकम सिंह, प्रबंधक महिला थाना नूंह निरीक्षक राजबाला, डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल प्रधानाचार्य बलवंत बिश्वोई सहित अन्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारीगण भी मौजूद रहे।

## 5 को महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन और 9 अगस्त से आजादी की गौरव यात्रा आयोजित करेगी मेवात कांग्रेस

नूंह जुबैर खान



जिला कांग्रेस मुख्यालय नूंह में पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकताओं की बैठक हुई, जिसमें कांग्रेस विधायक दल उप नेता चौधरी आफताब अहमद के साथ पुन्हाना विधायक पूर्व मंत्री चौधरी मौहम्मद इल्यास व फिरोजपुर झिरका विधायक चौधरी मामन खान इंजीनियर, पीसीसी सदस्य महताब अहमद मुख्य रूप से मौजूद थे।

चौधरी आफताब अहमद ने बताया कि 5 अगस्त को जिला कांग्रेस मुख्यालय नूंह पर बीजेपी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जाएगा जिसमें जिले के तीनों विधायक, पार्टी की सभी इकाईयों के पदाधिका-री व कार्यकर्ता शामिल रहेंगे। शनिवार को इस प्रदर्शन में महंगाई व बेरोजगारी, आवश्यक चीजों पर जीएसटी के विरोध में पूरे देश में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता जेल भरो आंदोलन करेंगे। उप नेता चौधरी आफताब अहमद ने बताया कि आजादी के 75 वीं वर्षगांठ पर प्रत्येक जिले में कांग्रेस पार्टी द्वारा आजादी गौरव यात्रा निकाली जाएगी। विधानसभा वार 75 किलोमीटर की पदयात्रा आजादी की गौरव यात्रा के नाम से निकलेगी। 15 अगस्त को जिला कांग्रेस मुख्यालय नूंह पर तिरंगा फहराया जाएगा। बता दें कि कांग्रेस ने अपने चिंतन शिविर के बाद भारतीय जनता पार्टी को घेरने के लिए ह्वरोजगार दो यात्राह्ल और ह्वआजादी गौरव यात्रा निकालने का फैसला किया है। कांग्रेस आजादी की गौरव यात्रा के माध्यम से हर घर तिरंगा लेकर जाएगी।

**इस प्रकार से निकलेगी आजादी गौरव यात्रा :**

9 अगस्त को रोजका मेव से घासेड़ा,

मूंडका बार्डर से सोलापुर,

फरदडी से पुन्हाना

12 अगस्त को सिंगार से पुन्हाना से पिनंगवा

13 अगस्त को माहोली फिरोजपुर झिरका से बडकली

14 अगस्त को आंकेडा से गांधी ग्राम घासेडा

चौ. सपात मेवली, इब्राहिम इंजीनियर, शौराब सरपंच मालाब, मकसूद शिकरावा, परवीन चेयरमैन, अरशद चेयरमैन टाई, शरीफ सरपंच , शौराब सरपंच, धोना सरपंच, अरशद सरपंच, समसुद्दीन रेहना, पूर्व ब्लॉक प्रधान अब्दुल रज्जाक, अख्तर चंदैनी, आजाद सरपंच, इल्यास सरपंच सालाहेड़ी, विक्रम इंडरी, अलिजान सरपंच, राम करण सरपंच छपेड़ा, शहजाद, जमशेद सरपंच आकेड़ा, आकुला, ताज मौहम्मद सरपंच टपकन, फतेली सरपंच, मम्मन सरपंच, कासम सरपंच, साहुन सरपंच, आजाद, मुबीन तेड़, नईम इकबाल, दीनू, शाहबुद्दीन, इस्ताक, आसु सरपंच, बिजेंद्र ठेकेदार उजीना, संजय बेंसी, वहीद, मकबूल सरपंच, इस्त्राइल, शयरम लंबरदार, साकिर, आमीन, मुबारिक मलिक, साकिर लाहाबास, रफीक हुसैन, डॉ साबिर बाजरका, नसीम चंदैनी, वसीम पिनगवां, आसू जिला पार्षद, मायाराम छछेडा, उस्मान जयसिंगपुर, अब्बास, सहाबू, मांगे सरपंच, रोबिन, अमजद कंवरसीका व अन्य सैकड़ों कांग्रेस जन मौजूद रहे।

## तावडू में विद्यार्थियों व गणमान्य लोगों ने निकाली तिरंगा यात्रा।

समाज जागरण ब्यूरो



तावडू, 5 अगस्त :- आजादी के अमृत महोत्सव श्रृंखला के तहत श-ुक्रवार को स्थानीय पुलिस प्रशासन ने गणमान्य लोगों के साथ तिरंगा यात्रा निकाली। जिसमें राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने बढचढ कर भाग लिया। इस दौरान एसडीएम सुरेन्द्र पाल व तहसीलदार शालिनी लाठर शहर थाना प्रभारी बिजेंद्र सिंह सदर थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने मुख्य रूप से भाग लिया। नगरपालिका चेयपर्सन व वार्ड पार्षदों ने भी तिरंगा यात्रा में भाग लिया। नगरपालिका चेयरपर्सन मनीता गर्ग ने कहा कि स्कूली विद्यार्थियों व क्षेत्रवासियों को हर घर तिरंगा अभियान के लिए प्रेरित करने के लिए शुक्रवार का तिरंगा यात्रा निकाली। हर घर तिरंगा अभियान के तहत जागरूकता गतिविधियां निरंतर जारी है। उन्होंने कहा कि तिरंगा मेरे भारत की शान, घर-घर पर लहराए तिरंगा लहराना है। इस अवसर पर आशीस गर्ग, नरेश ढल्ल, प्राचार्य विजय प्रतीक धनखड, प्रदीप कुमार, भरत तनेजा, मनोज कुमार सहित

## न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया ने न्यायालय कक्षों के लिए किया भूमि पूजन

### -भूमिपूजन समारोह सुदूर स्थित ग्रामीण लोगों को न्याय मिलने में होगी सुविधा : न्यायमूर्ति

शशिकांत ओझा ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

बलिया : जनपद में चतुर्दशकक्षीय न्यायालय भवन के निर्माण हेतु शिलान्यास माननीय न्यायमूर्ति श्रीप्रकाश पाडिया, प्रशासनिक न्यायाधीश बलिया उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के कर कमलों द्वारा किया गया। इस न्यायालय कक्ष के अधीन बंदी गृह, अधिवक्ता गण के बैठने का स्थान ,जलपान गृह, पार्किंग व शौचालय की व्यवस्था होगी।



न्यायमूर्ति श्री पाडिया ने सबसे पहले दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि बलिया के संतों ने बलिया की धरती को अमरत्व प्रदान किया है। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी मंगल पांडेय और चित्तू पांडेय को याद किया तथा हिंदी जगत के हजारी प्रसाद द्विवेदी और अमरकांत जैसे विद्वानों को याद करते हुए बताया कि यह धरती विद्वान लोगों से समृद्ध है। उन्होंने कहा कि हम यहा न्याय कक्षों के भूमि पूजन के लिए इकट्ठा हुए हैं । भविष्य में लोगों को न्याय कक्षो से अत्यंत सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि समता के साथ न्याय तभी मिलेगा जब सुदूर स्थित ग्रामीण लोगों को भी न्यायालय पहुंचने में आसानी होगी। उन्होंने उपस्थित अधिवक्ता गणों को संबोधित करते हुए कहा कि यह आप लोगों की जिम्मेदारी है कि लोगों को जल्द से जल्द न्याय मिले।

कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष, अवस्थापना उप समिति अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश हुसैन अहमद अंसारी ने किया। अनुभा राय ने न्यायमूर्ति के स्वागत में स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मंच पर एपी सिंह, परियोजना प्रबंधक ए एंड डी आजमगढ़, दिनेश कुमार मिश्रा, अध्यक्ष, आयोजन समिति अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश बलिया तथा जितेंद्र कुमार पांडेय जनपद एवं सत्र न्यायाधीश बलिया उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त बैठक में जनपद न्यायालय के सभी न्यायाधीश और अभिवक्ता गण उपस्थित थे।

## कोरोना महामारी से सबक लेते हुए समझना होगा कि पेड़ पौधे किस प्रकार हमारी सांसों से जुड़े :- बीडीपीओ अशोक कुमार

हिसार/अग्रोहा (राजेश सलूजा) :- आजादी के अमृत महोत्सव के तहत अग्रोहा खंड के सभी गांवों में एक पेड़ विश्वास के तहत पौधे लगाने का अभियान चलाया जाएगा। माननीय मंत्री देवेंद्र बबली जी के आदेशानुसार आज खण्ड कार्यालय अग्रोहा में एक पौधा विश्वास का लगाया गया। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां की जा रही है। बीडीपीओ अशोक कुमार ने बताया कि अभियान के तहत गांवों के राजकीय स्कूलों के बच्चों, अध्यापकों, स्वयं सहायता समूहों, ग्रामीण सफाई कर्मी, ग्रामीण चौकीदारों, नलकूप आप्रेटरों, आंगनवाड़ी वर्कर, मनरेगा मैट, भूतपूर्व सरपंच, पंचों, पंचायत समिति सदस्यों, जिला पार्षद सदस्य को साथ लेकर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन करेंगे।

एक पेड़ विश्वास कार्यक्रम के तहत आमजन को वृक्षों का महत्व एवं उनकी संरक्षता के बारे में जागरूक किया जाएगा।

इस अवसर पर बीडीपीओ अशोक कुमार ने कहा कि हमें कोरोना महामारी से सबक लेते हुए समझना होगा कि पेड़ पौधे किस प्रकार हमारी सांसों से जुड़े हुए हैं। समाज शिक्षा एवं पंचायत अधिकारी कुलबीर नैन ने कहा कि अगर वाकई हमें प्रकृति से प्यार है और हम लंबे समय तक विपदाओं से दूर रहना चाहते हैं तो हमें ज्यादा से ज्यादा अपने आस पास पेड़ पौधे लगाने पड़ेंगे। इस प्रकार के अभियानों को आमजन के साथ जोड़ना जरूरी है। साथ ही बीडीपीओ अशोक कुमार ने माननीय देवेंद्र बबली जी का धन्यवाद किया कि इस तरह की जनहित व धरती को बचाने के लिए जो कदम उठाया वह काफी ही सराहनीय है हम इस फैसले का तह दिल से सम्मान करते हैं और इसे अभियान को बहुत आगे तक ले कर जाने का विश्वास दिलाते हैं इस अवसर पर बीडीपीओ अशोक कुमार, समाज शिक्षा एवं पंचायत अधिकारी कुलबीर नैन,कुलदीप लेखाकार, असिस्टेंट सुरजीत सिंह, रोशन लाल लिपिक,नरेश शर्मा लिपिक,कर्मबीर कम्प्यूटर ऑपरेटर, योगेश चबरवाल, असिस्टेंट मोहिनी, दिलबाग खासा, रमेश, आशा रानी , सुनीता पोषण असिस्टेंट, विक्रम कम्प्यूटर ऑपरेटर ,कृष्ण अहल्यान,पिंकी ग्राम सचिव,प्रवीण ग्राम सचिव,चन्द्रभान ग्राम सचिव,नरेंद्र उर्फ नन्दू,राजा ठेकेदार खीचड़, अमित कुमार,जुगबिर रोजगार सहायक, संगीता मीरपुर, अमित रोजगार सहायक ,समेत अनेकों लोगों ने श्रमदान किया।

## बच्चों के पाठ्यक्रमों में तिरंगे के महत्व को शामिल करना चाहिए : ऋचा वर्मा

शशिकांत ओझा ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

बलिया : हर घर तिरंगा अभियान शुरू करने के लिए महिला पत्रकार व समाज सेविका ऋचा वर्मा



ने सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। कहा कि यह अभियान सराहनीय है। ऋचा का कहना है कि इससे देश की एकता तथा अखंडता को मजबूती मिलेगी और लोगों को अपनी देशभक्ति की भावना का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा।

कहा कि"13 से 15 अगस्त तक, पीएम मोदी ने हर घर में तिरंगा फहराने के कार्यक्रम की घोषणा की है। 15 अगस्त को तिरंगा फहराना और तिरंगे का सम्मान करना हमारी जिम्मेदारी है। हम भारत की 75 वीं स्वतंत्रता का जश्न मना रहे हैं और हमें यह करना चाहिए। हम सब कानूनी रूप से भारतीय हैं, लेकिन भावनात्मक रूप से हम सब भारतीय तभी बन सकते हैं जब हम सब संविधान के प्रति, जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में अपना सब कुछ बलिदान कर दिया उनके प्रति सम्मान दिखाते हुए 'हर घर तिरंगा' फहरा सकते हैं।" वर्मा ने आगे कहा, "तो, मेरे लिए, यह महत्वपूर्ण है कि एक कानूनी भारतीय नागरिक होने के नाते, भावनात्मक रूप से भारत को अपनी मां के रूप में समझें, भारत माता के साथ एकजुट हों, यह सबसे महत्वपूर्ण है, इसलिए यह हमारे लिए खुद को भारत माता के साथ एकजुट करने का अवसर है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि साल में एक दिन राष्ट्रीय ध्वज दिवस घोषित किया जाए। राष्ट्रीय ध्वज दिवस के लिए 22 जुलाई का दिन सबसे उपयुक्त रहेगा, क्योंकि 22 जुलाई 1947 को हमारे राष्ट्रीय ध्वज का वर्तमान प्रारूप स्वीकृत किया गया था। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों में तिरंगे के महत्व को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए।

## वाल्मीकिनगर के जटाशंकर मंदिर में 24 घंटे का अष्टयाम को लेकर निकाली गई कलश यात्रा

**समाज जागरण**
**बगहा से नीरज मिश्रा**

खबर पश्चिमी चंपारण जिला के बगहा अनुमंडल अंतर्गत वाल्मकी नगर से है, जहा वाल्मीकि नगर स्थित वीटीआर के गर्भ में बसे जटाशंकर मंदिर में 24 घंटे का अष्टयाम को लेकर गुरुवार को कलश यात्रा निकाली गई।इस यात्रा में 51 कुंवारी कन्याओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया ।नारायणी नदी के सोनभद्र तट से जल भर कर वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश को अष्टयाम स्थल तक पहुंचाया गया। जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश की स्थापना की गई। तपा राज पूर सोहरिया एवं जनसमूह के सहयोग से इस अष्टयाम का आयोजन किया गया।अष्टयाम कर्ता तपा राजपुर सोहरिया के अध्यक्ष महेश्वर काजी ने बताया कि जगत जननी, जगत कल्याण,विश्व शांति के लिए यह अष्टयाम का आयोजन किया गया है। काजी ने आगे बताया कि 24 घंटे अष्टयाम के साथ निशुल्क भंडारा का भी आयोजन किया गया है।उन्होंने आगे बताया कि इस अष्टयाम में नेपाल,बिहार, उत्तर प्रदेश एवं थरूहट से श्रद्धालु,साधु,संत,ग्रामीण,भारी



मात्रा में पहुंचे हुए है। इधर जिला परिषद अध्यक्ष निर्भय कुमार एवं तपा राजपूर सोहरिया के अध्यक्ष महेश्वर काजी के आग्रह पर पर्यटन मंत्री नारायण साह वाल्मीकि नगर पधारें। पर्यटन मंत्री नारायण शाह एवं वाल्मीकि नगर विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह ने नारायणी के तट से जल भर कर कौलेश्वर मंदिर एवं जटाशंकर मंदिर में जलाअभिषेक किया। तथा पूजा अर्चना की। पूजा अर्चना के साथ-साथ अष्टयाम में भी भाग लिया। मंत्री व विधायक को जिला परिषद एवं अध्यक्ष महेश्वर काजी द्वारा गमछा ओढाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री नारायण साह के साथ वाल्मीकि नगर विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह,भाजपा नेता रिंकी गुप्ता, संतोष गुप्ता ,जिला परिषद अध्यक्ष निर्भय कुमार,महेश्वर काजी ,जगदीश को सोखईत,विंध्यवासिनी ठाकुर, रविंद्र महतो ,मन बहाली थारू, देवेंद्र काजी,तारकेश्वर काजी, राज लाल महतो, प्रेम नारायण महतो ,प्रभु नारायण काजी, ब्रज बिहारी काजी ,अनंत महतो आदि समेत भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

## गौनाहा कन्या माध्यमिक विद्यालय में पानी व शौचालय की गंभीर समस्या।

**समाज जागरण मोहम्मद आजाद**

गौनाहा / प्रखण्ड मुख्यालय स्थित उच्चतर कन्या माध्यमिक विद्यालय में आठ शौचालय दिखावा का वस्तु बनकर रह गया है। बताते चलें कि प्रखण्ड मुख्यालय से मात्र बीस फिट की दूरी पर उच्चतर कन्या उच्च विद्यालय अवस्थित है लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि उक्त विद्यालय दो मंजिला के रूप में एक भव्य भवन है जिसमे आठ अदद शौचालय भी हैं। लेकिन एक भी शौचालय उपयोग के लायक नही है इसका पुख्ता सुबूत यह है कि शौचालयों के उपयोग के लिए प्रथम वस्तु पानी है। जिसके लिए एक पानी टंकी जो छत के ऊपर रखे गए हैं। वह टंकी भी पिछले छः महीनों से टूट गया हैं और जो भी पाइप शौचालय के अंदर नल में पहुंचाता हैं वह भी टुटे फूटे बिखरे हुए हैं ।वही इस विद्यालय में पढ़ाई के लिए लगभक चार सौ बाल बालिकाएं है जीसमे अधिकांश छात्र-एं ही हैं। वही इस विद्यालय में 28 जुलाई से 3 अगस्त 2022 तक परीक्षा भी चला है। कोई भी अभिभावक या पदाधिकारी यह सोच रहे होंगे कि यह विद्यालय सभी सुविधाओं से लैस होगा। लेकिन ऐसा सोचना सरासर



बेईमानी है सच्चाई किसी को मालूम नही है कि सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष रख रखाव एवं मरमती कार्य के लिए लाखों रुपए आते हैं। तभी भी यह विद्यालय इस हाल में क्यों है प्रधानाध्यापक के पास विद्यालय मरमती मद में यदि राशि नही आती है या उपलब्ध नही है तो उनके द्वारा सम्बन्धित पदाधिकारी को इसकी सूचना क्यों नहीं दिया गया है । क्योंकि इस तरह के विद्यालय में जहां कॉलेज स्तर के छात्र एवं छात्राएं पढ़ाई करते हैं उनके लिए शौचालय जरूरी है या नही। सूत्रों से पता चला है कि भवन के बाहर अभी तक शौचालय के टंकी जमीन के अंदर खोद कर छोड़ दिया गया है यह भी बहुत बड़ी विचारणीय बिंदु है कि यदि शौचालय उपयोग किए जाते हैं तो इसका गंदगी कहा जाएगा । इससे भी बड़ी शर्मनाक बात तो यह है कि इस विद्यालय का अपना एक भी हैंड पम्प या पीने के लिए पानी का कोई भी श्रोत नही है जिससे शिक्षक या बच्चे पानी पी सकें। यानी कि यह एक जांच का विषय है की किन कारणों से यह विद्यालय अपना रोना रो रहा है ।वही विद्यालत के प्रधानाध्यापक अशर्फी राम ने सार्वजनिक तैर पर बताया कि कुछ ही दिनों पहले से यह स्थिति उतपन्न हुई है। बहुत जल्द सभी त्रुटियों को दुरुस्त करा लिया जाएगा।

## बिहार को सूखाग्रस्त घोषित करे सरकार - धीरेंद्र

**समाज जागरण, विकास कुमार**

दरभंगाः-भाकपा(माले) जिला कमिटी की एक दिवसीय बैठक जिला कार्यालय पंडासराय में देर रात सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर राज्य सचिव कॉमरेड कुणाल, प्रभारी कॉमरेड धीरेंद्र झा उपस्थित थे।

बैठक में प्रखंड सम्मेलन, प्रतिनिधि चुनाव, जिला सम्मेलन की तैयारी सहित अन्य विषयों पर बातचीत हुई। बैठक में मुख्य तौर पर जिला सम्मेलन की तैयारी पर बातचीत हुई। बैठक को संबोधित करते हुए संविधान-लोकतंत्र तथा आजादी के मूल्यों व सपनों पर लगातार हो रहे हमले के खिलाफ संविधान की प्रस्तावना में लक्षित भारत को एक संप्रभु, धर्मनिरपेक्ष, समाजवादी व लोकतांत्रिक देश बनाने के सपने को साकार करने के लिए भाकपा-माले प्रतिबद्ध है।

इसके तहत आजादी के 75 साल के मौके पर 9 से 15 अगस्त तक पूरे देश में ह्यसंविधान बचाओ-लोकतंत्र बचाओ - शहीदों के सपनों का भारत बनाओह्न नारे के साथ राष्ट्रीय अभियान चलेगा. बिहार में इसकी शुरूआत 11 अगस्त से होगी, जिस दिन 1942 के आंदोलन के दौरान विधानसभा के समक्ष सात नौजवान शहीद हुए थे।

आगे उन्होंने कहा कि पूरे बिहार में 11 अगस्त को तिरंगा मार्च निकाला जाएगा। साथ ही साथ 15 अगस्त



को छोटे-बड़े पार्टी कार्यालयों पर झंडा तोलन कर देश की आजादी में शाहिद हुए लोगो को याद किया जाएगा।

वही बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा(माले) पोलित ब्यूरो सदस्य सह मिथिलांचल प्रभारी धीरेंद्र झा ने कहा कि बिहार में अभी सूखे की स्थिति है. लोग बेहद परेशान हैं। ऐसे में तामझाम व बड़े पैमाने पर खर्च करके भाजपा ने बिहार में सात मोर्चों की अपनी कार्यसमिति की बैठक की। भाजपा बिहार के लिए ऐसी लेबोरट्री है जहां से वह केवल लेना चाहती है, देना कुछ नहीं चाहती। 70 के दशक में लोकतंत्र व मौलिक अधिकारों को सस्पेंड कर देश में थोप दी गई तानाशाही के खिलाफ उभरे देशव्यापी आंदोलन में बिहार अग्रिम मोर्चे पर था. 1977 में आपातकाल से देश को छुटकारा मिला। आज एक बार फिर देश में चल रहे अघोषित आपातकाल के खिलाफ बिहार जनसंघर्ष का केंद्र बन रहा है। 2024 के चुनाव में मोदी सरकार को सत्ता से बेदखल करने की वह अगुवाई करेगा।

बैठक में नेयाज अहमद, अभिषेक कुमार, शनिचरी देवी, आर के सहनी, नंदलाल ठाकुर, प्रो कल्याण भारती, हरि पासवान, अशोक पासवान, जंगी यादव, धर्मेश यादव, प्रवीण यादव, शिवन यादव, संतोष यादव,पप्पू पासवान, देवेन्द्र कुमार, उमेश साह, भोला पासवान, अमित पासवान, बैद्यनाथ यादव, मनोज यादव, प्रिंस राज, सदीक भारती, भूषण मंडल, सत्यनारायण मुखिया, राजेन्द्र दास, अबधेश सिंह, विनोद भारती,मोहम्मद जमालुद्दीन, केशरी यादव सहित कई लोग शामिल थे।

## 65वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बगहा द्वारा आम नागरिकों के बीच हर घर तिरंगा जागरूकता कार्यक्रम किया गया।

**समाज जागरण**
**बगहा से नीरज मिश्रा**

65वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बेतिया शिविर बगहा के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत स्थानीय रेलवे परिसर बगहा तथा अनुमंडल कार्यालय बगहा के प्रांगण मे जाकर हर घर तिरंगा बैनर का प्रदर्शन किया गया साथ ही आम नागरिकों को इस कार्यक्रम से अवगत कराया गया । सर्वप्रथम 65वी वाहिनी के बल कर्मियों के द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसकी अगुआई श्री भावेश धनवंत सहायक कमानेंट 65वी वाहिनी के द्वारा श्री आर बी सिंह उप कमांडेंट के नेतृत्व मे की गई । रेलवे परिसर बगहा मे श्री भावेश धनवंत सहायक कमानेंट 65वी वाहिनी के द्वारा तिरंगे झण्डे के महत्व तथा भारतीय झण्डा संहिता 2002 के अनुसार झण्डा फहराने से संबन्धित दिशानिदेशों को भालिभांति विस्तार से बताया गया इसके अलावा तिरंगे झंडे कि गरिमा को बनाए रखते हुए इसे 13 से 15 अगस्त 2022 तक हर घर मे फहराने का आह्वान किया गया । तत्पश्चात रैली अनुमंडल कार्यालय बगहा के परिसर मे हर घर तिरंगा



तथा भारत माता की जय-जयकार के साथ पहुंची । उक्त परिसर के अलावा व्यवहार न्यायालय बगहा के प्रांगण मे भी रैली के माध्यम मे आम लोगो को जागरूक किया गया । श्री दीपक मिश्रा, भाप्रसे, अनुमंडल अधिकारी, बगहा के माध्यम से उक्त कार्यालय के प्रांगण मे आम लोगो को हर घर तिरंगा कार्यक्रम से अवगत कराया गया । कार्यक्रम के माध्यम से श्री आर बी सिंह, उप कमांडेंट ( कार्यवाहक कमांडेंट) 65वी वाहिनी के द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम के बारे मे बताया गया तथा यह निवेदन किया गया की वे अपने कार्यक्षेत्र के अंतर्गत उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने मे अपनी अहम भूमिका सुनिश्चित करें ।इसके अलावा यह भी बताया गया की कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सभी को जागरूक करना तथा 13 से 15 अगस्त 2022 तक हर घर तिरंगा के लक्ष्य को पूरा करना है । उक्त कार्यक्रम मे श्री दीपक मिश्रा, भाप्रसे, अनुमंडल अधिकारी, बगहा, श्री आर बी सिंह, उप कमांडेंट (कार्यवाहक कमांडेंट) 65वी वाहिनी, श्री भावेश धनवंत, सहायक कमांडेंट 65वी वाहिनी, उप निरीक्षक सामान्य रितेश कुमार वाहिनी के बल कर्मी मौजूद थे ।

## एनआईए और ईडी को मोदी जी के मिशन 2024 में लगा दिया गया है-कुणाल

**समाज जागरण, विकास कुमार**

दरभंगाः-भाकपा माले जिला कार्यालय पंडासराय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए भाकपा माले के राज्य सचिव कुणाल ने कहा कि मोदी सरकार ने मिशन 2024 के तहत लोकतांत्रिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है।सीबीआई,ईडी और एनआईए को भाड़े की टट्टू की तरह इस्तेमाल कर रही है।फुलबारी को बदनाम करने के लिये पूर्व के दरभंगा मॉड्यूल की तरह बदनाम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बढ़ती मंहगाई,बेकारी और देश की बदहाली के खिलाफ बढ़ते गुस्से को बरगलाने के लिये सरकार नफरत और विभाजन की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन दलों की ओर से इन मुद्दों को लेकर 7 अगस्त को जिलामुख्यालयों पर मार्च और प्रदर्शन होगा। उन्होंने कहा कि भाकपा(माले) राष्ट्रीय स्तर पर 9से 15 अगस्त तक पूरे देश मे संविधान बचाओ-लोकतंत्र बचाओ, शहीदों के सपनो का भारत बनाओ अभियान को संचालित किया जाएगा। उन्होंने सरकार से मांग किया है कि पीडीएस डीलर के माध्यम से सभी राशनकार्ड धारियों को झंडा उपलब्ध कराई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाकपा



माले बिहार में दलित,गरीब और मजदूरों के मुद्दे पर सदस्यता और आंदोलन चलाते हुए सभी जिलों में सम्मेलन आयोजित कर रहा है।अगले साल फरबरी में भाकपा माले का 11वां राष्ट्रीय महाधिवेशन पटना में होगा।इस मौके पर बोलते हुए भाकपा माले पोलित ब्यूरो के सदस्य सह मिथिला कोसी जोन के प्रभारी धीरेन्द्र झा ने कहा कि सदन से लेकर सड़क तक माले आंदोलन का विस्तार हो रहा है।भाजपा के सामने समर्पण कर चुकी नीतीश सरकार ने गांव और गरीबों के एजेंडा साथ विश्वासघात किया है। उन्होंने कहा कि आज आतंकवाद के नाम पर मिथिलांचल को बदनाम किया जा रहा है। और उन्माद उत्पात की खेती की जा रही है। जिसे भाकपा(माले) बर्दास्त नही करेगी। और इसके खिलाफ गांव-गांव में अभियान तेज किया जाएगा। वही भाकपा(माले) जिला सचिव बैद्यनाथ यादव में कहा कि भाकपा(माले) का 12वां जिला सम्मेलन 13-14 अगस्त को जीवछ घाट में आयोजित है। जिसे सफल बनाने की अपील की है। इस अवसर पर राज्य कमिटी सदस्य नेयाज अहमद, अभिषेक कुमार, वरिष्ठ नेता आर के सहनी, शनिचरी देवी शामिल थी।

## अडानी के द्वारा किसानों की जमीन हड़पने की साजिश दरभंगा में नहीं चलेगा-धीरेंद्र झा

**समाज जागरण, विकास कुमार**

दरभंगाः-जाले प्रखंड के खेसर (जोगियारा) ग्राम के किसानों के जमीन की कॉरपोरेट लूट के खिलाफ व अडानी द्वारा कराई गई किसानों की जमीन रजिस्ट्री रद्द करने, जाले खेसर(जोगियारा) के किसानों को जमीन वापस करने, राजेश भाटी को फजीर्वाड़ा पर मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार करने, अडाणी कम्पनी के नाम पर किसानों की जमीन हड़पना बन्द करने, फजीर्वाड़े के नाम पर किसानों से लिए गए जमीन पर निर्माण कार्य पर रोक लगाने, अहिल्यास्थान मुख्य सड़क से टारा टोल तक जाने वाली मुख्य सड़क द्वारा बंद करने वाले पर कानूनी कार्रवाई करने व बंद सड़क को अविलंब चालू करवाने आदि मांगों को लेकर अखिल भारतीय किसान महासभा के नेतृत्व में दरभंगा जिला पदाधिकारी के समक्ष एक दिवसीय धरना लहेरियासराय धरनास्थल पर आयोजित किया गया। धरना पर बैठने पूर्व अखिल भारतीय किसान महासभा के नेता धर्मेश यादव, ललन पासवान, शिवन यादव, अमरेश बैठा, मनोज बैठा, मंचून बैठा, राकेश सिंह आदि के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन कारियों ने धरनास्थल से निकलकर लहेरियासराय टॉवर होते हुए समाहरणालय के मुख्य गेट को जाम कर नारेबाजी करने लगे। प्रतिनियुक्ति मजिस्ट्रेट द्वारा मांग पत्र लेने व प्रभारी डीएम से मिलवाने के लिए प्रतिनिधिमंडल को बुलवाने के बाद प्रदर्शनकारी धरनास्थल पर वापस आकर सभा हुई सभा को संबोधित करते हुऐ भाकपा(माले) के पोलित ब्यूरो सदस्य धीरेंद्र झा ने कहा कि

जाले प्रखंड के जोगियारा(खेसर) गांव के किसानों को पी0 आर0 वी0 एस0 इन्फ्राट्रेकचर प्रा0 लि0 ए 80, सेक्टर 51, नोएडा जिला गौतम बुद्धनगर द्वारा सिगनेटरी श्री राजेश भाटी उम्र 19 वर्ष पेसर स्व0 रामफल सिंह साकिम-पोस्ट फलैदा थाना रबूपूरा जिला गौतम बुद्धनगर नोएडा उत्तर प्रदेश पिन 201301 के द्वारा झांसापट्टी देकर, डरा धमका कर दर्जनों महादलित किसान परिवारों की जमीन औने-पौने दामों मे लिखवा लिया गया और तय दामो का भी रकम नही दिया गया। अडानी के द्वारा किसानों की जमीन हड़पने की साजिश दरभंगा में नहीं चलेगा। इस मौके पर उन्होंने किसानों को आहवान करते हुए कहा कि किसान आंदोलन तेज कर सड़क से सदन तक लड़ा जाएगा। वही सभा को सम्बोधित करते हुए भाकपा(माले) जिला सचिव बैद्यनाथ यादव ने कहा कि फजीर्वाड़ा के नाम पर किसानों की जमीन अदानी द्वारा हड़प लिया जाता है और सुशासन सरकार की जाले प्रशासन अदानी की लठैती करता है और मंत्री की चुप्पी नही टूटती इसे बर्दाश्त नही किया जाएगा। सभा को भाकपा(माले) राज्य कमिटी सदस्य सह किसान महासभा के जिला प्रभारी अभिषेक कुमार, माले के वरिष्ठ नेता आर के सहनी माले नेता देवेन्द्र कुमार, किसान रामकिशुन बैठा, राकेश सिंह, बुधनी देवी, रमेश बैठा, इन्द्र कुमार बैठा, नितिन राठौड़ आदि ने सम्बोधित किया।

## मोहर्रम एवं अंतिम सोमवारी को लेकर जिला शांति समिति की हुई बैठक

**समाज जागरण, विकास कुमार**

दरभंगाः- समाहरणालय अवस्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेदकर सभागार में वरीय पुलिस अधीक्षक अवकाश कुमार की अध्यक्षता में मोहर्रम एवं अंतिम सोमवारी को लेकर जिला शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में जिला मोहर्रम कमिटी के सचिव ने कहा कि 06 अगस्त को 07वीं के अवसर पर अखाड़ा का आयोजन रात्रि 10:00 बजे से किलाघाट पर तथा 07 अगस्त को 08वीं के अवसर पर संध्या 04:00 बजे से रात्रि 08:00 बजे तक किलाघाट से लम्बा जुलूस निकलेगी जो नगर थाना-दरभंगा टावर-गुदरी बाजार होते हुए मुसरफ बाजार तक जायेगी। 08 अगस्त को 09वीं के अवसर पर मिलान चौक पर जिले के 142 अखाड़ा विभिन्न मार्गों से आकर मिलान करेगी और 09 अगस्त को 10वीं को 08:00 बजे रात्रि को मिलान का कार्यक्रम होगा, जो रात्रि 10:00 बजे तक समापन हो सकेगा।

उन्होंने जुलूस के विभिन्न मार्गों की सफाई करवाने, पानी और प्रकाश की व्यवस्था करवाने, शहरी क्षेत्र के सी.सी.टी.वी. कैमरे को चालू करवाने, फायर बिग्रेड की गाड़ी की व्यवस्था करवाने की माँग की।

इस अवसर पर जिला शांति समिति के सदस्यों ने अपनी-अपनी राय रखी और विभिन्न प्रशासनिक व्यवस्था वांछित स्थलों पर करवाने का सुझाव दिया।

बैठक को सम्बोधित करते हुए उप विकास आयुक्त अमृषा बैंस ने जिला शांति समिति के सदस्यों को कहा कि शांतिपूर्वक सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहर सम्पन्न हो, आशा है कि इसके लिए आप सजग रहेंगे तथा अपने से जुड़े लोगों को भी प्रेरित करेंगे।

उन्होंने कहा कि रामनवमी के अवसर पर देश के कई भागों में दूसरे समुदाय के लोगों ने रामनवमी के जुलूस पर पुष्प वर्षा की। मीडिया में यह खबर प्रसारित हुई , इससे पूरे देश में एक सकारात्मक संदेश गया, इस पर यहाँ भी गौर करने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि जिला शांति समिति के सदस्यों द्वारा इस बैठक में जो भी सुझाव रखे गए हैं, उसे संबंधित विभाग द्वारा नोट किया गया है और इस पर अमल किया जाएगा। प्रशासन द्वारा सभी धार्मिक स्थलों के समीप दण्डाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गयी है। उम्मीद है कि सब के सहयोग से ये दोनों त्योहार भी सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांतिपूर्ण सम्पन्न होंगे।

जिला शांति समिति को सम्बोधित करते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक अवकाश कुमार ने कहा कि जिले में रामनवमी का पर्व शांति पूर्वक सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया, इसमें शांति समिति के सदस्यों की सकारात्मक भूमिका रही। आशा है कि मोहर्रम और अंतिम सोमवारी का त्योहार भी शांतिपूर्ण वातावरण में आपसी सौहार्द के साथ मनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जुलूस में कोई नशे की हालत में न रहे, जिला मोहर्रम समिति इसे



सुनिश्चित करावें। विभिन्न थानों द्वारा ब्रेथ एनलाइजर से जाँच जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि अंतिम सोमवारी के अवसर पर सभी वांछित धार्मिक स्थलों पर बल की व्यवस्था रहेगी। महिला पुलिस पर्याप्त संख्या में प्रतिनियुक्त की जाएगी। पर्व के अवसर पर ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग निर्धारित सीमा के डेसिबल में किया जाए तथा रात्रि में ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग करने से पहले अनुमति अवश्य ले ली जाए।

उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र के सी.सी.टी.वी. कैमरे चालू रहेंगे तथा जगह-जगह पर वीडियोग्राफी भी करायी जाएगी। उन्होंने कहा कि किरासन तेल मुँह से फुककर आग प्रज्जवलित करने का खेल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, इसलिए ऐसा खेल न किया जाए, तो अच्छा रहेंगा।

उन्होंने कहा कि त्योहर मनोरंजन के लिए है, इससे किसी को क्षति नहीं होनी चाहिए। त्योहार के अवसर पर सोशल मीडिया के माध्यम से असामाजिक तत्व अफवाह फैलाने की प्रयास करते हैं, यदि ऐसा कोई मैसेज किसी को मिलता है, तो इसे किसी ग्रुप में न डाले, बल्कि वरीय पदाधिकारियों या थानों को तुरंत सूचित करें, ताकि संबंधित के विरूद्ध त्वरित कार्रवाई की जा सके। वैसे जिला में साइबर सेल भी कार्यरत है।

त्योहार के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने हेतु मंथन किया जा रहा है। की जाने वाले व्यवस्था को मीडिया के माध्यम से अभी को अवगत कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि किसी असामाजिक तत्व द्वारा किसी धार्मिक स्थल के समीप कुछ आपत्तिजनक वस्तु फेंकने की सूचना मिलती है, तो इसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दें, ताकि उसका त्वरित निष्पादन किया जा सके।

उक्त बैठक में अनुमण्डल पदाधिकारी सदर स्पर्श गुप्ता, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी सदर कृष्ण नन्दन कुमार, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, सदर, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) अमित कुमार, उप निदेशक, जन सम्पर्क नागेन्द्र कुमार गुप्ता, उत्पाद अधीक्षक ओम प्रकाश, प्रभारी पदाधिकारी आपदा सत्यम सहाय के साथ-साथ अन्य संबंधित पदाधिकारीगण उपस्थित थे। वहीं जिला शांति समिति से विष्णु चंद्र पप्पू ,मोहम्मद असलम, शत्रुघ्न प्रसाद यादव, अजय कुमार जालान, श्याम किशोर प्रधान, अशोक नायक, नवीन खटीक, प्रमोद चौधरी, मो. वसी अहमद, महेंद्र कुमार पासवान, सुजीत मल्लिक, सुरेश कुमार शर्मा, विष्णु कुमार ठाकुर, कन्हैया महतो, नितासुउल हक रिंकू, सैयद रियाजुल अहमद, नौशाद अहमद, अंजुल खान, रुस्तम कुरैशी, रजी अहमद, मो. उमर, सुनील कुमार मंडल, अमर राम, धरम कुमार, सुभाष महतो, अंकुर गुप्ता, सैयद अकबर रजा, डॉ. रमेश प्रसाद, मनीष जायसवाल, एजाज अख्तर खां रूमी, सुनीति रंजन दास, विनोद सिंह, उमेश राय, जय किसुन राउत, अवधेश कुमार चौधरी ह्यह्यमुन्नाह्लह्ल, मो. शहनवाज, अशोक कुमार, चंद्र देव नारायण, इंजीनियर इश्तियाक जावेद खान, आस मोहम्मद, विपिन कुमार राय, राकेश कुमार, सचिन राम, शरफे आलम तमन्ना, मेराज, राकेश कुमार, डॉ. धर्मशिला गुप्ता, अरुण महासेठ, राम मनोहर प्रसाद, मो. शमशुल हक, सुनील राय, रीता सिंह एवं राकेश दास एवं अन्य उपस्थित थे।

## यूरिया की किल्लत व काला बाजारी को लेकर आक्रोशित किसानों ने कृषि मंत्री का फूंका पुतला।

**समाज जागरण बगहा से नीरज मिश्रा**

बगहा, जिला पश्चिमी चंपारण के बगहा अनुमंडल का हैं जहां चौतरवा चौक पर यूरिया की किल्लत व कालाबाजारी को ले आरोषित किसानों ने बिहार के कृषि मंत्री अमरेंद्र प्रताप सिंह का पुतला फूंका। किसानों का नेतृत्व करते हुए राजू उपाध्याय ने कहा कि बिहार के किसान प्राकृतिक आपदा से त्रस्त हैं। सावन के महीना में भी वर्षा का अपर्याप्त होने से किसान वैसे भी परेशान हैं। जैसे-तैसे धान की रोपनी कर सके। अब यूरिया जो



धान की फसल के लिए महत्वपूर्ण उर्वरक है,नहीं मिल रहा है ।फलतः बहुत से किसान यूपी से यूरिया ला रहे हैं। वही इस क्षेत्र में यूरिया की किल्लत के साथ कालाबाजारी का बाजार गर्म है। यह बिहार सरकार की विफलता का संकेत है ।किसान कड़ी परिश्रम कर अनाज का उत्पादन करते हैं। परंतु उनके समस्याओं का समाधान करने में बिहार सरकार नाकाम साबित हो रही है।

## दो पक्षों के बीच भूमी विवाद को लेकर जमकर हुई मारपीट एक महिला से आधा दर्जन घायल, अस्पताल में भर्ती

**समाज जागरण बगहा से नीरज मिश्रा**

बगहा, पटखौली ओपी थाना क्षेत्र ग्रूवालिया गांव में दो पक्षों के बीच भूमि विवाद को लेकर हुई जमकर मारपीट में एक महिला समेत आधा दर्जन घायल, स्थानीय लोगों व परिजनों के सहयोग से इलाज के लिए बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां



उपस्थित चिकित्सक डॉ चंदन कुमार ने प्राथमिक उपचार किया। प्राथमिक उपचार के उन्होंने बताया कि सभी घायलों की स्थिति सामान्य हैं। घायलों की पहचान पटखौली ओपी थाना क्षेत्र के ग्रूवालिया गांव निवासी जंगली राम के 30वर्षीय पुत्र नरेश राम व उनकी पत्नी नायना देवी और बिपिन राम,शंभू राम शंभू राम की पत्नी गेयंती देवी आदि सामिल हैं।

## अविस्मरणीय योगदान के लिए 11 व्यक्तियों को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा

**समाज जागरण, विकास कुमार**

ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय की स्थापना के स्वर्ण जयंती के अवसर पर शुक्रवार को जुबली हॉल में आयोजित मुख्य समारोह में विश्वविद्यालय की स्थापना में अविस्मरणीय योगदान के लिए 11 व्यक्तियों को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा, जिनमें स्वर्गीय ललित नारायण मिश्र, पूर्व रेल मंत्री, भारत सरकार, स्वर्गीय कपूर्री ठाकुर,



पूर्व मुख्यमंत्री, बिहार, स्वर्गीय जगन्नाथ मिश्रा, पूर्व मुख्यमंत्री, बिहार, स्वर्गीय पंडित राधा नंदन झा, पूर्व स्पीकर, बिहार विधानसभा, स्वर्गीय प्रोफेसर नागेंद्र झा, पूर्व मंत्री, बिहार, स्वर्गीय शकूर अहमद, पूर्व स्पीकर, बिहार विधान सभा, स्वर्गीय राम भगत पासवान, पूर्व सांसद, स्वर्गीय प्रोफेसर नीलांबर चौधरी, पूर्व प्राध्यापक एवं बिहार विधान पार्षद, स्वर्गीय केदार पांडे, पूर्व मुख्यमंत्री, बिहार, स्वर्गीय हरिनाथ मिश्र, पूर्व अध्यक्ष, बिहार विधानसभा तथा डा वैद्यनाथ चौधरी, पूर्व छात्र नेता के नाम शामिल हैं।

## हर्षोल्लास के साथ उत्सव की तरह मनाया जायेगा स्वतंत्रता दिवस समारोह एसडीएम बेबी कुमारी

### अमृत महोत्सव पर विशाल तिरंगा यात्रा, साइकिल रैली, विभिन्न प्रतियोगिता, देशभक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा आयोजन।

**दैनिक समाज जागरण मधुबनी /जयनगर**

मधुबनी जिला के जयनगर अनुमण्डल कार्यलय परिसर स्थित एसडीएम कार्यलय में स्वतंत्रता दिवस और 75 वें आजादी का अमृत महोत्सव को लेकर तीन दिवसीय कार्यक्रम को सफल बनाने लेकर विभिन्न सरकारी विभाग के पदाधिकारियों, एसएसबी के अधिकारी, निजी , सरकारी विद्यालयों के प्रतिनिधि, विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकताओं , पुलिस पदाधिकारी, अधिवक्ता, सामाजिक कार्यकर्ता, व्यवसायी संस्था के प्रतिनिधि, अनुमण्डल अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी समेत अन्य गणमान्य लोगों के साथ बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता अनुमण्डल पदाधिकारी बेबी कुमारी ने किया। बैठक में झंडोत्तोलन , समारोह स्थल, साफ सफाई, विधिव्यवस्था, प्रतियोगिता , सांस्कृतिक कार्यक्रमों , झंडोत्तोलन के समय सारणी को लेकर उपस्थित लोगो से सुझाव लेते हुए विचार विर्मश कर सर्व सहमती कई अहम निर्णय लिए गए। एसडीएम बेबी कुमारी ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा अमृत महोत्सव के अवसर पर तीन दिवसीय कार्यक्रम होंगे जिसमें भारत विकास परिषद, एसएसबी के द्वारा विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी यात्रा में सभी से शामिल होने की अपील करते हुए प्रचार प्रसार किया जयेगा। यात्रा में पदाधिकारी समेत आम लोग भी भाग लेंगे। एसएसबी की ओर से साइकिल रैली का भी आयोजन होगा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जीवन दीप अस्पताल परिसर में किशोर कला मन्दिर द्वारा आयोजित किशोर शान तिरंगा और किशोर झूमेगा भारत देश भक्ति गीत संगीत नृत्य प्रतियोगिता एवं आर्य कुमार पुस्तकालय में देशभक्ति गीत संगीत सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगी। मुख्य समारोह आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर स्वतंत्रता दिवस के दिन डॉ. भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यर्पण के साथ तय समय सारणी के तहत सरकारी और पदाधिकारियों के आवासीय कार्यलयों एवं विभिन्न जगहों पर झंडोत्तोलन कार्यक्रम की शुरूआत होगी। चयनित विद्यालयों के छात्रों के द्वारा राष्ट्र गाण होगा। मुख्य समारोह स्थल अनुमण्डल कार्यलय परिसर होगा एवं हाई स्कूल के क्रीड़ा मैदान में विधायक के द्वारा झंडोत्तोलन किया जायेगा। मुख्य समारोह स्थल पर मंच संचालन विमल मस्करा और सुमन शर्मा संयुक्त रूप से करेंगे। स्वतंत्रता सेनानियों और अव्वल छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। सुबह 07 बजे 02 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश बन्द रहेगा। अमृत महोत्सव मनाने को लेकर भी ज्यादा से ज्यादा की संख्या में तिरंगा फहराने , घरों , संस्थानों पर तिरंगा लगाने उत्सव की तरह मनाने को लेकर विचार विमर्श कर निर्णय लिया गया। समारोह स्थल पर एसएसबी, पुलिस बल के जवानों, और चयनिय विद्यालयों के छात्रों के ड्रम टीम के साथ एवं स्काउट के छात्रों, एनसीसी छात्रों समेत विभिन्न विद्यालयों के छात्रों के द्वारा कार्यक्रम में भाग लेने और सलामी देने पर विचार विमर्श कर कई अहम निर्णय लिए गए। विधिव्यवस्था बनाये रखने को लेकर पुलिस प्रशासन को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में अनुमण्डल पदाधिकारी बेबी कुमारी,अपर अनुमंडल पदाधिकारी गोविंद कुमार, अवर निबंधन पदाधिकारी अमित कुमार मण्डल, एसएसबी सहायक समादेष्टा आर विशाल, कार्यपालक पदाधिकारी इंद्र कुमार मंडल, सीओ सुधीर कुमार, पंचायत राज पदाधिकारी संतोष कुमार चौरसिया, अनुमंडल अस्पताल उपाधीक्षक डा. कुमार रोनित, शिक्षा पदाधिकारी पूनम राजीव, सीडीपीओ , थाना के पुलिस पदाधिकारी रौशन कुमार, कृषि पदाधिकारी, मनरेगा पदाधिकारी, मुख्य पार्षद कैलाश पासवान, विमल मस्करा, सुमन शर्मा, भुषण सिंह, अनिरुद्ध ठाकुर, रोहित नारायण यादव, जयनारायण यादव, किशुनदेव सहनी, राज कुमार सिंह, पवन यादव, मुनीन्द्र दास, प्रवीण सिंह, हरिहर महरा, सूर्यनाथ महासेठ, उद्धव कुंवर, अधिवक्ता चंदेश्वर प्रसाद यादव, मुकेश कुमार, नारायण यादव, प्रमुख प्रतिनिधि वीपीन गोहीवार, संत जायसवाल समेत कई पदाधिकारियों, प्रतिनिधियों गणमान्य लोंगो ने बैठक में उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### प्लस टू उच्च विद्यालय के छात्र छात्राओं को ऑन जॉब ट्रेनिंग का दिया गया प्रशिक्षण

**दैनिक समाज जागरण शिकारीपाड़ा/दुमका/**

आज शुक्रवार को शिकारीपाड़ा के प्लस टू उच्च विद्यालय शिकारीपाड़ा के छात्र छात्राओं को ऑन जॉब ट्रेनिंग का प्रशिक्षण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिकारीपाड़ा एवं पीहू ब्यूटी पार्लर शिकारीपाड़ा में दिया गया प्रशिक्षण के



दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर ने हॉस्पिटल में होने वाले ओपीडी और आईपीडी इलाज के बारे बताया और प्रशिक्षण दिया। वही पीहू ब्यूटी पार्लर के ट्रेनर ने विद्यालय के छात्राओं को फैसवाश, ब्लीच,आइब्रो ,हेयर कटिंग, दुल्हन सजावट ,मेहंदी आदि चीजों के बारे में प्रशिक्षण दिया प्रशिक्षण के उपरांत सभी छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र दिया गया मौके पर हेल्थ केयर शिक्षक छोटू सर, ब्यूटी एंड बैलेंस के शिक्षिका निखत परवीन एवं विद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद थे

### पाकुड़ हिरणपुर मुख्य पथ, तोड़ाई में सड़क के बीच एक बड़ा गड्ढा लगा रहा है पाकुड़ की शान में चार चांद

**दैनिक समाज जागरण पाकुड़,सतनाम सिंह**

पाकुड़ हिरणपुर मुख्य पथ पर तोडाई के पास एक बहुत ही बड़ा गड्ढा बना हुआ है,और यह अकेला गड्ढा नही है,ऐसे ऐसे कई गड्ढे है इस सड़क पर जैसे पाकुड़ के लिए बड़ी शान की बात है,इस गड्ढे की गहराई लगभग चार



फीट है,पीडब्ल्यूडी की मुख्य सड़क की यह दुर्दशा यह दिखाता है की पीडब्ल्यूडी नाकाम है अपनी ड्यूटी को लेकर, अपनी सड़कों को लेकर,जबकि इस रास्ते बड़े बड़े अफसर,मंत्री, विधायक और सांसद का आना जाना लगा रहता है,उसके बाबजूद पीडब्ल्यूडी सड़क की यह दुदार्सा,और यह अकेला गड्ढा नही है कई गड्ढे है इस मुख्य पथ पर,सीधे सीधे दुर्घटना को बुलावा इन गड्ढों से।पीडब्ल्यूडी जल्द से जल्द इन गड्ढों को भरने का कार्य करे जिससे की लोग महफूज रह सके।

### पाकुड़ पुलिस ने चलाया मोटरसाइकिल जांच अभियान

**पाकुड़ डीटीओ ने भी आज मुफस्सिल थाना मैं की कई मोटरसाइकिल को कागजाद के अभाव में पकड़ा,किया थाना को सुपुर्द**

**दैनिक समाज जागरण तोफिक राज, पाकुड़।**

पाकुड़ ।पाकुड़ पुलिस ने आज पाकुड़ मैं कई जगह चलाया मोटरसाइकिल जांच अभियान, पाकुड़ डीटीओ ने मुफस्सिल थाना मैं आज वाहन जांच अभियान चलाया गया। वाहन का कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस एवं हेलमेट आदि जांच की गई। हेलमेट, चालक लाइसेंस, वहन कागजात, चेक किया गया।



कागजात कमी पाए जाने पर वहन मालिक का चालान भी काटा गया। साथ ही साथ हेलमेट पहनने लाभ एवं नुकसान को बेहतर तरीके से लोगो के बीच समझाया गया।बताया गया की हेलमेट पहनना ध्यान केंद्रित करने का भी काम करता है। चेहरे पर लगा हेलमेट सीधे वाहन चलाने पर ध्यान लगाने में सहायक होता है। हेलमेट पहनने से दुर्घटना के समय आपका सिर को कोई नुकसान नही पहुचता है। सर्वाइकल स्पाइन इंजरी होने का खतरा कम हो जाता है।हेलमेट न पहनने से हादसे में गिरने के कारण सिर में गंभीर चोट लग सकती हैं। सिर पर ज्यादा चोट लगने के कारण मौत भी हो सकती हैं। बिना हेलमेट गाड़ी चलाना कानूनी अपराध है। जिसके कारण पहले के मुकाबले अब आपको भारी जुमार्ना भरना पड़ेगा।

### अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी की अध्यक्षता में सभी थाना प्रभारी के साथ हुई क्राइम मीटिंग

**दैनिक समाज जागरण पाकुड़,सतनाम सिंह**

पाकुड़/अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के कार्यालय में एसडीपीओ पाकुड़ अजीत कुमार विमल की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी की मीटिंग हुई,सभी थाना प्रभारी ने अपने अपने मासिक रिपोर्ट के बारे में



अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी की जानकारी दी,आज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने सभी थाना प्रभारी को मुहर्रम को लेकर काफी जरूरी बातें की,जरूरी गाइड लाइन बताए गए थाना प्रभारी को,मुहर्रम के लिए सभी थाना प्रभारी ने शांति समिति की बैठक भी की है,शांति पूर्वक,आपसी सौहार्द के साथ मुहर्रम मनाने की की अपील की है पाकुड़ पुलिस के द्वारा।

### 63 लीटर देशी शराब के साथ चार गिरफ्तारे

दैनिक समाज जागरण बनियापुर (सारण)। दो अलग अलग ठिकानों से पुलिस ने 63 लीटर देशी शराब के साथ चार धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार धंधेबाजों को जेल भेज दिया गया है। बनियापुर में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर चांदपुर से 50 लीटर देशी शराब बरामद किया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस को देखकर भाग रहे धंधेबाज राजकिशोर प्रसाद, संदीप प्रसाद तथा दीपक कुमार प्रसाद को पुलिस बल की मदद से पकड़ा गया। इधर, सहाजितपुर बाजार से 13 लीटर देशी शराब के साथ सूरज चौधरी नामक धंधेबाज को पकड़ा गया। धंधेबाज शराब को विक्रय के लिए रखा था। जिसकी सूचना पुलिस को मिली थी। पुलिस ने सभी गिरफ्तार धंधेबाजों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है।

## अज्ञात वाहन के धक्के से एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई ।

दैनिक समाज जागरण अमड़ापाड़ा बिक्की सन्याल

अमड़ापाड़ाः- थाना क्षेत्र के छोटा पहाड़पुर गाँव के समीप शुक्रवार को अज्ञात वाहन के धक्के से एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई ।मृतक चुन्नू मडैया 40 वर्ष छोटा पहाड़पुर उल टोला गाँव का ही निवासी था । मृतक अपने घर से साईकिल में सवार होकर अमड़ापाड़ा बाजार राशन लाने के लिए जा रहा था । इस दौरान दुमका-पाकुड़ मुख्य पथ पर छोटा पहाड़पुर के समीप अज्ञात वाहन के धक्के से चुन्नू मडैया की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं ग्रामीणों ने मुआवजा की माँग को लेकर दुमका-पाकुड़ मुख्य सड़क को जाम कर दिया। उक्त सड़क करीब 2 घंटा जाम रहा ।घटना की सूचना मिलते ही प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार देवेश द्विवेदी, एसआइ दिनेश प्रसाद चौरसिया, एसआइ अभिनंदन कुमार पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुँचे ।पीड़ित परिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा तत्काल आर्थिक सहयोग किया गया और राहत स्वरूप चावल



मुहैया कराया गया । उन्होंने बताया कि सरकारी नियमानुसार मृतक के परिजनों को लाभ भी अतिशीघ्र दिया जाएगा । तत्पश्चात ग्रामीणों द्वारा जाम छोड़ दिया गया । वहीं शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सोनाजोड़ी पाकुड़ भेज दिया गया ।

## मोहर्रम त्यौहार को लेकर आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर आज शांति समिति की बैठक

**दैनिक समाज जागरण तौफीक राज पाकुड़।**

पाकुड़ ।मुफस्सिल थाना छेत्र मैं मोहर्रम त्यौहार को शांतिपूर्वक सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए मुफस्सिल थाना प्रभारी मिंटू भारती की अध्यक्षता में बैठक में शांति समिति की बैठक हुई, बैठक में सदर प्रखंड के बीडीओ सफीक अहमद उपस्थित हुए।

थाना प्रभारी मिंटू भारती मोहर्रम त्यौहार को शांतिपूर्वक सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए। बैठक मोहर्रम में जुलूस अखाड़ा के विषय पर चर्चा किया गया। आपसी भाईचारा बना रहे।

शांति समिति के सदस्य एवं क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बुद्धिजीवी भी उपस्थित थे।

## महर्रम को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

**दैनिक समाज जागरण** आमड़ापाड़ा बिक्की सन्याल थाना परिसर में शुक्रवार को मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया. बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी कुमार देवेश द्विवेदी ने की. बैठक में आगामी 9 एवं 10 अगस्त को शांतिपूर्ण वातावरण में मोहर्रम मनाने का निर्णय लिया गया. वहीं बैठक में मुस्लिम समुदाय द्वारा जानकारी दी गई कि 10 अगस्त को दोपहर दो बजे से बाजार क्षेत्र में मोहर्रम का जुलूस निकाला जाएगा. इस दौरान सीओ ने शांतिपूर्वक ढंग से मोहर्रम का त्योहार मनाने व जुलूस निकालने का निर्देश दिया. कहा कि उपद्रव करने वालों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी. बैठक में एसआई अभिनंदन कुमार, दिनेश प्रसाद चौरसिया, मो. शौकत अली, नारायण भगत, विजय भगत, मो. सलाम, अमूल्य मंडल, मुस्लिम अंसारी सहित अन्य ग्रामीण शामिल थे।

### हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर जागरूकता रैली आयोजित की गई।

**दैनिक समाज जागरण अभिषेक तिवारी पाकुड़ झारखंड**

जेएसएलपीएस के अंतर्गत पाकुड सदर प्रखंड के हिरानंदनपुर पंचायत में चांचकी आजीविका महिला संकुल संघ का बैठक शुक्रवार को आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में हर घर तिरंगा अभियान हेतु सामुदायिक संगठनो के द्वारा की जाने वाली चरणबद्ध गतिविधियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा करके अहम जानकारी बीपीएम मो फैज आलम के द्वारा दी गई, जिसमे मुख्यतः ये बतलाया गया कि आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान मनाया जा रहा है। इस अभियान में सखी मंडल की महिलाएं को महत्वपूर्ण भूमिका निभाना है। जिसके तहत प्रत्येक सखी मंडल, ग्राम संगठन और संकुल संघ में हर घर तिरंगा के जागरूकता हेतु चर्चा, प्रभातफेरी, घर घर संपर्क, साईकिल रैली, ड्राइंग, पेंटिंग, रंगोली,भाषण, स्लोगन प्रतियोगिता निर्धारित तिथि में ग्राम संगठन और संकुल संघ में ध्वजारोहण करने आदि की जानकारी दी गई। इसके उपरांत दीदियों के द्वारा हिरानंदनपुर पंचायत का भ्रमण करके हर घर तिरंगा अभियान की जागरूकता रैली निकाल कर घर घर संपर्क करके सभी ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

मौके पर जिला परिषद सदस्य पिंकी मंडल, बीसीसी अबू इमरान हाशमी, सामुदायिक समन्वयक सुमित वर्मन, मो यासीन आलम, पीआरपी बुलबुली माल सहित दर्जनों महिलाएं समेत अन्य उपस्थित थी।

## नेहरू युवा केंद्र देवघर द्वारा देवीपुर प्रखंड में युवा मंडल विकास अभियान, हर घर तिरंगा अभियान एव स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का सुभारम्भ किया गया

**दैनिक समाज जागरण देवीपुर संवाददाता अरविन्द यादव**


युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकर द्वारा संचालित नेहरू युवा केंद्र देवघर के निदेशानुसार प्रखंड देवीपुर में युवा मंडल विकास अभियान, हर घर तिरंगा अभियान एव स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का सुभारम्भ किया गया.नेहरू युवा केंद्र के प्रखंड स्वयंसेवक दयानन्द कुमार मांझी ने बताया की




आजादी के ७५ वे बर्षगाठ एवं आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान चलाये जाने का निर्णय लिया गया साथ ही साथ आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर उक्त गाँव में राष्ट्रीय संग्राम के रणवाकुरो के जीवनवृन्त को सहेजते हुए उनके सम्मान में पर्यावरण संरक्षण हेतु बृक्षारोपण कार्यक्रम ग्राम स्तर पर किया जायेगा. साथ ही साथ स्वस्थ एवं टीकाकरण कारयक्रम के साथ साथ स्वच्छ्ता कर्यक्रम के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता, भासन प्रतियोगिता , क्विज लोकगीत प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जायेगा. यह अभियान १५ अगस्त तक चलाया जाना हे इस अभियान में वर्तमान स्वयंसेवंक दयानन्द कुमार मांझी पूर्व युवा मंडल के सदस्य रंजीतकुमार ,अभयकुमार, दिलीप कुमार, नितीशकुमार, कुंदनकुमार ,दीपक कुमार आदि कई युवाओ की भूमिका भी रही.

## बनियापुर डाक घर से अभी तक 150 झंडे की हुई बिक्री

**दैनिक समाज जागरण बनियापुर (सारण)।** बनियापुर के मुख्य डाक घर से प्रधानमंत्री के बातों पर ध्यान में रखत हुए झंडा खरीदने के लिए लोगों में उत्सुकता दिखाई दे रही है। उक्त बातें एसपीम भरत राय ने बताते हुए कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव को सभी लोगो ने सफल बनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने ने कहा कि बनियापुर कार्यालय में अभी तक 150 झंडा की लोग खरीद कर चुका है और अभी और विभाग की तरफ से मगया जा रहा है कि लोगो की मांग को देखते हुए और झंडा उपलब्ध होंगे। कार्यालयों मौके पर संजय सिंह, अवधेश प्रशाद, नितेन्दर पांडे, कौशल किशोर प्रशाद, अनिल सिंह, शैलेंद्र चौधरी इत्यादि कर्मी उपस्थित थे।




## प्रभात फेरी निकाल कर घर-घर तिरंगा लगाने व स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**दैनिक समाज जागरण छपरा/दिघवारा (सारण)।** नेहरू युवा केंद्र छपरा के तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा स्वंसेवक विवेक कुमार सिंह, ब्लॉक दिघवारा के नेतृत्व में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत एक अगस्त से 15 अगस्त 2022 तक चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा में दिघवारा प्रखंड के मलखाचक ग्राम में प्रभातफेरी निकाली गई। जिसमे गांव के युवा बढ़-चढ़ हिस्सा लिए। प्रभात फेरी गांव के मध्य से आओ घर-घर तिरंगा फहराए, मिलकर सभी आजादी का अमृत महोत्सव मनाये...! नारे के साथ गांव की गली-गली चौक-चौराहे होते हुए लोगों को घर घर जाकर अपने घर पर तिरंगा लगाने के लिए साथ साथ स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलायी गई।

अन्त में मैंने अपना कर्त्तवय निभाया, साफ सफाई को अपनाया..! नारे के साथ युवाओं का समूह जा पहुंचता हैं नमामि गंगे के द्वारा बनी सीढ़ी घाट पर, जहां पूरे घाट की सफाई की गई और गंगा के प्रति भी गंगा बचाओ, जीवन बचाओ..! नारे के साथ लोगों को जागरूक किया गया और सभी युवाओं व ग्रामीणों को स्वच्छता की शपथ और नमामि गंगे प्रतिज्ञा दिलाई गई। इस आयोजन को सफल बनाने में आयुष, आशुतोष, रोहित राज, राहुल, ऋतिक, प्रिंस, सोनल, राजा, लुचु आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

## युवा बेरोजगार दल ने पाकुड उपायुक्त को आवेदन सौंपा।

**दैनिक समाज जागरण पाकुड़ झारखंड,सतनाम सिंह**



आज दिनांक 05/08/2022 को युवा बेरोजगार दल, पाकुड ने अमरदीप गोस्वामी की अध्यक्षता में कोल कंपनी में रोजगार को लेकर पाकुड उपायुक्त को आवेदन दिया गया। संघ ने आरोप लगाया कि कोल कंपनी नियोजनालय को प्राथमिकता न देकर बाहरी लोगों को रोजगार में प्राथमिकता दे रही है, जो बिल्कुल गलत है। संघ के सचिव सागर चौधरी ने बोला उपायुक्त पाकुड हमलोगों के अभिभावक के समान है, उन्हें हमलोगों को सूचना देना काफी जरूरी था, इस कारण से हमलोगों ने आज आवेदन के माध्यम से उन्हें वस्तुस्थिति से अवगत कराने का प्रयास किया है। संघ के कोषाध्यक्ष मिलन मंडल ने कहा कि कंपनी कुछ दलालो को प्राथमिकता देकर यहाँ के मुद्दों को नजरअंदाज करने की कोशिश करती रहती है। रोजगार के नाम पर कंपनी हमेशा चुप्पी साधे रखती है।

वहीं बेरोजगार महिला दल की सचिव झुमकी साहा ने अपने लैटर पैड में आवेदन देकर लैंगिक असमानता को अपनाए जाने वाली कोल कंपनी पर सवाल उठाया है। पत्राचार के माध्यम से उपायुक्त महोदय को इसकी जानकारी दी गई कि किसी भी कोल कंपनी में एक भी महिला कार्यरत नहीं हैं। उपायुक्त महोदय से गुहार लगाई की इस पर यथाशीघ्र विचार किया जाय। वहीं महिला दल की उपाध्यक्ष किरण टुडू ने कहा कि हमलोग इस संदर्भ में बहुत जल्द हाई कोर्ट में ढक्छ करने की रणनीति बना रहे है।

बैठक में मुख्य रूप से उपाध्यक्ष अन्थोनी मराण्डी, बाबुधन मुर्मू, जोहरुल इस्लाम, दिनेश यादव, सानू किस्कु, मेघु हेम्ब्रम, प्रतीक घोष, खैरुल आलम। आदि मौजूद थे

## पाकुड़ में कांग्रेसियों ने निकाला जुलूस, सेकड़ो कार्यकर्ता लिए गए हिरासत में

**दैनिक समाज जागरण अभिषेक तिवारी पाकुड़ झारखंड**

कांग्रेस जिलाध्यछ उदय लखवानी ने कहा कीआप सभी भली भांति जानते हैं कि आज देश में महंगाई रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। पेट्रोल, गैस से लेकर खाद्य तेल, दाल जैसी जरूरी चीजों की बढ़ी कीमतों ने आम लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। डब्बाबंद अनाज, आटा, शहद, दही जैसी आवश्यक वस्तुओं पर अप्रत्याशित ढंग से जीएसटी लगाने के कारण महंगाई और बढ़ी है। साथ ही देश में बेरोजगारी भी आसमान छू रही है। गांव और शहरों में संगठित एवं असंगठित क्षेत्र में हर जगह बेरोजगारी ने विकराल रूप धारण कर रखा है।



झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के माननीय अध्यक्ष राजेश ठाकुर जी के निदेर्शानुसार आज दिनांक 5 अगस्त 2022 को पाकुड़ जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष उदय लखमानी के नेतृत्व में महंगाई, बेरोजगारी, अग्निपथ योजना एवं आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी के खिलाफ एक विरोध प्रदर्शन निकाला गया जिसे बिरसा चौक पहुंचने पर टाउन थाना द्वारा सभी लोगों को सामूहिक रूप से गिरफ्तारी किया गया।

इस प्रदर्शन में पाकुड़ प्रखंड अध्यक्ष मंसारूल हक, उपाध्यक्ष गुलाम अहमद एवं अनूप सिन्हा विश्वास, वरिष्ठ कांग्रेसी सेमिनुल इस्लाम, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अफजल हुसैन, जिला प्रवक्ता मुख्तार हुसैन, जिला महासचिव श्री कुमार सरकार, जिला सचिव असलम अंसारी, कृष्णा यादव एवं देबू विश्वास, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष शाहीन परवेज, जिला सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर नलिन मिश्रा, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सज्जाद मेहना, मंजुला हांसदा, रामविलास महतो, अर्नेष्ट हांसदा, महबूब आलम, किसन पासवान, पप्पू गंगवानी, हजीकुल आलम, मुर्शीद आलम, मोफिज अंसारी, विवेक गोस्वामी, फरमान अली, मिथुन मरांडी, मनोबर आलम, सोनू आलम, आबेदीन अंसारी, मंसार शेख, कबीबुर रहमान, सिराजुद्दीन शेख, राजिकुल इस्लाम, अफजल शेख, एहदिन शेख, मिस्बाहुल शेख, मोतीउर रहमान आदि मौके पर मौजूद थे।

## पूर्णिया जिला अन्तर्गत धमदाहा अनुमंडल के कुकरौन अमारी गाँव के मो अख्तर कमाली उर्फ मो वसीम कमाली को प्रदेश उपाध्यक्ष जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ बिहार मनोनीत किया गया है

**दैनिक समाज जागरण बांका कटोरिया श्रीकान्त यादव**

मो सलीम प्रवेज प्रदेश अध्यक्ष जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ बिहार सह पूर्व उप सभापति विधान परिषद् बिहार ने पत्र जारी की है। मो वसीम कमाली ने प्रदेश उपाध्यक्ष बनाने के लिए मुख्यमंत्री बिहार व सर्वमान्य नेता आदरणीय नीतीश कुमार जी,राष्ट्रीय अध्यक्ष जदयू सह सासंद मुन्गेर लोकसभा राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह जी,राष्ट्रीय अध्यक्ष जदयू ससंदीय बोर्ड सह विधान परिषद् बिहार उपेन्द्र कुशवाहा जी,राष्ट्रीय महासचिव जदयू सह विधान परिषद् बिहार मो आफाक अहमद खान साहब,वरिष्ठ नेता वशिष्ठ नारायण सिंह जी,बिहार प्रदेश अध्यक्ष जनता दल यूनाईटेड उमेश सिंह कुशवाहा जी,बिहार प्रदेश अध्यक्ष जनता दल यूनाईटेड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ बिहार सह पूर्व उपसभापति विधान परिषद् बिहार मो सलीम प्रवेज साहब,लेशी सिंह मंत्री बिहार सरकार,बीमा भारती पूर्व मंत्री बिहार सरकार,पूर्णिया लोकसभा सासंद संतोष कुशवाहा को मुबारकबाद और शुक्रिया अदा किया वसीम कमाली ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी के 19 अक्तूबर 1994 ईस्वी से निष्ठावान,कर्तव्यनिष्ठ,जुझारू और संघर्षशील सिपाही हैं। जनता दल जार्ज से राजनीतिक जीवन की शुरूआत की।समता पार्टी के पंचायत से जिला स्तर तक विभिन्न पद पर रहें।छात्र, युवा,अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जैसे अनेक प्रकोष्ठ में रहें।जिला उपाध्यक्ष युवा समता पार्टी व जिला अध्यक्ष समता पार्टी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ पूर्णिया 1994 से 2003 ईस्वी तक। समता पार्टी और जदयू के विलय के बाद 2003 से 2017 तक जिला अध्यक्ष जदयू अलपसंखयक प्रकोष्ठ पूर्णिया, 2017 से 2018 तक प्रदेश महासचिव जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ बिहार,2018 से 2021 तक प्रदेश उपाध्यक्ष जदयू बुनकर प्रकोष्ठ बिहार,2021 से 2022 के नये संगठन बनने तक प्रदेश महासचिव जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ बिहार व प्रदेश उपाध्यक्ष जदयू बुनकर प्रकोष्ठ और वशिष्ठ नारायण सिंह जी के टीम में 2013 से 2015 तक राज्य परिषद् सदस्य जदयू बिहार सहित अनेक पद पर रहें। मो वसीम कमाली को प्रदेश उपाध्यक्ष जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ बिहार बनने पर पूर्णिया जिला समेत समस्त बिहार के अल्पसंख्यक समुदाय के साथ अन्य समुदाय में काफी खुशी है। मो वसीम कमाली को मुबारकबाद देने वालों में वरिष्ठ जदयू नेता व भारतीय अल्पसंख्यक महासभा के उपाध्यक्ष व भारतीय मानवाधिकार परिषद् पूर्णिया के प्रवक्ता मो आजम रब्बानी, पूर्व जिला अध्यक्ष मो मनीरूद्दीन नजामी,अंजुमन आरा,खुशबू प्रवीण,जिला अध्यक्ष नगर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ पूर्णिया मो कैयूम जफर उर्फ नन्की भाई,तौफीक हुसैन,प्रो मो प्रवेज शाहीन,मो तलहा सलीम,मो आजाद,मो यूनूस अंसारी,तौफीक आलम,मो इशतीयाक आलम,हाफिज मो नजाम उद्दीन,मो दाऊद आलम, मो संजूर आलम,मो मुरतुजा आलम, मो मुरताज आलम,मो शुक्ररूद्दीन,हाजी मो उस्मान अली,मो खलील, मो सफीक, मौलवी मो मंसूर अली,मो शईद उर्फ गुड्डु अंसारी,अधिवक्ता मो जावेद अंजुम गुड्डु,मो नियाज उद्दीन,अरविंद कुमार महतो,विजय कुमार, ब्रजेश सिंह, संजय कान्त ठाकुर,मो आफाक खान,प्रो डा अकरामूल्लाह खान,डा वाणी कुमार,डॉ विपीन कुमार, डा विभूति कुमार,मो कैशर खान,मो ईशहाक,मो तारा,मो समीर आलम इत्यादि हजारों कार्यकर्ता ने दी।



## सिमुलतला आवासीय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन अब 10 तक

प्रो. ए. के. सिंह सेंगर, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण छपरा (सारण)। सिमुलतला आवासीय विद्यालय जमुई में कक्षा 6 में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि 4 अगस्त से बढ़ा कर बिहार बोर्ड की ओर से 10 अगस्त तक कर दी गई है। प्रवेश के इच्छुक छात्रों को अब 10 अगस्त तक आवेदन करने का अवसर मिल गया है। इससे संबंधित जानकारी बिहार बोर्ड द्वारा सभी डीईओ, बीईओ, स्कूल प्रधानाध्यापकों और छात्रों को नोटिस के माध्यम से दे दिया है।

इस संबंध में एकमा की प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रागिनी कुमारी ने बताया कि सिमुलतला स्कूल में प्रवेश हेतु चयन लिखित परीक्षा के बाद होता है। जिसमें 60 छात्र व 60 छात्राओं सहित कुल 120 विद्यार्थियों का नामांकन होता है। इसके लिए परीक्षा दो चरणों में करायी जाती है। प्रारंभिक प्रवेश परीक्षा राज्य के प्रत्येक जिला मुख्यालयों में निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर 20 अक्टूबर को संभावित है। वहीं मुख्य प्रवेश परीक्षा की संभावित तिथि 22 दिसंबर है। हालांकि कार्यालय द्वारा अधिकृत तिथि अभी घोषित नहीं हुई है। प्रारंभिक परीक्षा में स्कोर के आधार पर मुख्य प्रवेश परीक्षा के लिए कोटिवार, छात्र व छात्रा की रिक्तियों की संख्या से 10 गुणा अभ्यार्थियों को चयन किया जाता है। आवेदक की आयु 1 अप्रैल, 2023 को न्यूनतम 10 वर्ष और अधिकतम 12 वर्ष होनी चाहिए। वहीं आवेदक को बिहार राज्य के मान्यता प्राप्त विद्यालय के कक्षा पांचवीं में होना चाहिए। प्रारंभिक परीक्षा 150 अंकों की और मुख्य परीक्षा 300 अंकों की होती है।